राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 51
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 20 जनवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में इंजीनियर की मौत : तीन सदस्यीय एसआईटी बनाई
पेज 4 पूरनपुर के रघुनाथपुर में प्रतिबंधित पशु का कटान, पकड़ा गया
पेज 6 कोहली स्थिति के अनुसार खेलते हैं, युवा क्रिकेटर उनसे सबक लें

## संक्षिप्त खबरें

### कर्नाटक के सीनियर पुलिस अधिकारी का अश्लील वीडियो वायरल

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (सिविल राइट्स एनफोर्समेंट) का अश्लील वीडियो वायरल है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक वीडियो में DGP रामचंद्र राव कई महिलाओं के साथ आपत्तिजनक हालत में नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि अगर अधिकारी दोषी पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी। वीडियो वायरल होने के बाद DGP गृह मंत्री जी परमेश्वर से मिलने पहुंचे लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। गृहमंत्री के घर से निकलने के बाद DGP ने पत्रकारों से कहा कि वीडियो झूठा और मॉर्फ्ड है। उन्होंने कहा कि आगे के एक्शन के बारे में वकील से बात करेंगे।

### ओडिशा में हथियारबंद बदमाशों ने बैंक से 5 करोड़ रुपए कैश और सोना लूटा

**ओडिशा।** ओडिशा के क्योंझर जिले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ब्रांच से हथियारबंद बदमाशों ने कथित तौर पर करीब 5 करोड़ रुपए कैश और गोल्ड लूट लिया है। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 2 बजे हुई। पुलिस के मुताबिक,फेस मास्क पहने पांच से छह हमलावर मोटरसाइकिल पर आए और ग्राहक बनकर बैंक में घुस गए। पुलिस ने बताया कि इसके बाद बदमाशों ने ब्रांच के अंदर लगे सीसीटीवी सिस्टम को नुकसान पहुंचाया और वहां मौजूद लोगों को बंद करके सोना और कैश लेकर फरार हो गए।



### हैप्पी मॉर्निंग


मास्टर जी- तुम्हारी सबसे बड़ी ताकत क्या है... पप्पू- मेरी सबसे बड़ी ताकत है किसी भी बात को मैं छिपाकर रख सकता हूं... मास्टर जी- अच्छा वो कैसे... पप्पू- मेरे बैग में आपकी बेटी का लव लेटर रखा है क्या अभी तक मैंने ये बात किसी को बताई...



### शायरी

काँटों से गुज़र जाता हूँ दामन को बचा कर
फूलों की सियासत से मैं बेगाना नहीं हूँ

### अर्थसार



सेंसेक्स:
83,246.18
-324.17 (0.39%)
निफ्टी:
25,585.50
-108.85

### मौसम



अधिकतम : 22 डिग्री से0
न्यूनतम : 09 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 7 : 25
सूर्यास्त बुधवार : 5 : 56

# कुमाऊं में सूखे की मार, पर्वतीय जिलों में स्थिति गंभीर

## 100 दिन से नहीं बरसे बादल, 15 दिन में बारिश नहीं हुई तो फसल हो जाएंगे बर्बाद

नैनीताल। कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में 100 दिन से अधिक समय से बारिश और बर्फबारी नहीं होने के कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। फल पट्टी और रबी की फसलें सूखने के कगार पर हैं, जिससे किसानों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। कृषि विभाग ने चेतावनी दी है कि अगर अगले 15 दिनों में बारिश नहीं हुई तो 40 प्रतिशत तक फसल बर्बाद हो सकती हैं। कुमाऊं मंडल के 6 जिलों में 207512 हेक्टेयर में रबी की फसल की बुवाई हुई है, जिसमें गेहूं, जौ, चना,



मटर, मसूर और तिलहन शामिल हैं। प्रारंभिक सर्वेक्षणों से पता चला है कि पहले ही 15-20 प्रतिशत तक फसल का नुकसान हो चुका है, खासकर वर्षा आधारित कृषि क्षेत्रों में। पर्वतीय जिलों में स्थिति गंभीर है, जहां सिंचाई के साधन सीमित हैं। कृषि विभाग ने नुकसान का आकलन करने के लिए टीमों का गठन किया है और फसल बीमा योजना के तहत किसानों को मुआवजा देने की तैयारी कर रहा है। ऊधम सिंह नगर जिले में सिंचाई की सुविधा होने के कारण सूखे का असर कम है, लेकिन पर्वतीय क्षेत्रों में तत्काल बारिश की आवश्यकता है।

### 207512 हेक्टेयर में रबी की फसल की बुवाई

कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार कुमाऊं मंडल के 6 जिलों में इस वित्तीय वर्ष में 207512 हेक्टेयर में रबी की फसल की बुवाई हुई है। कुमाऊं मंडल के नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चंपावत जिले में 169156 हेक्टेयर गेहूं की खेती, 8118 हेक्टेयर में जौ, 773 हेक्टेयर में चना, 4667 हेक्टेयर में मटर, 8835 में मसूर और 15963 हेक्टेयर में तिलहर की बुवाई की गई है।

### गेहूं और मसूर की फसल बर्बाद

पिथौरागढ़ की महिला किसान जया ने बताया कि हमने गेहूं और मसूर की फसल बोई थी। बारिश नहीं होने के कारण हमारी फसलें सूख गई हैं। महिला किसान ने सरकार से खराब हुई फसलों का आकलन कर मुआवजा देने की मांग की है।

### ट्रैफिक जाम



गुरुग्राम में कड़ाके की ठंड और कोहरे वाली सुबह के दौरान दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर वाहन ट्रैफिक जाम में फंस गए।

# चांदी पहली बार 3 लाख के पार, 15 हजार बढ़ी

**1 महीने में 2 लाख से 3 लाख हुई कीमत; 2026 में 4 लाख तक जा सकते हैं दाम**

**नई दिल्ली।** चांदी के दाम 19 जनवरी को MCX पर 3.02 लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गए हैं। इसमें 15 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी आई है। शुक्रवार को चांदी 2.87 लाख के करीब थी। MCX पर 15 दिसंबर 2025 के आसपास चांदी पहली बार 2 लाख रुपए पर पहुंची थी। यानी चांदी को 2 लाख से 3 लाख रुपए तक पहुंचने में सिर्फ 1 महीने का समय लगा। वहीं इसे 1 से 2 लाख तक पहुंचने में 9 महीने, जबकि 50 हजार से 1 लाख तक पहुंचने में 14 साल लगे थे। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलरी एसोसिएशन के अनुसार आज 24



कैरेट शुद्धता वाला सोना 2,353 रुपए बढ़कर 1,43,946 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,41,593 रुपए पर था। वहीं सोने ने 14 जनवरी को 1,42,152 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### 2025 में सोना 75 प्रतिशत महंगा हुआ

पिछले साल सोने की कीमत 57,033 रुपए (75 प्रतिशत) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया।

### तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में हीलियम गैस सिलेंडर ब्लास्ट; 1 की मौत, 18 घायल

तमिलनाडु में कल्लाकुरिची जिले के मनालुरपेट्टई में थेनपेनई रिवर फेस्टिवल के दौरान गुब्बारों के लिए हीलियम गैस से भरा एक सिलेंडर फट गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 18 लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यह घटना एक छोटी सी दुकान के अंदर हुई जो हीलियम गैस से भरे गुब्बारे बेचती है। तमिल में आत्रु थिरुविझा नाम का यह फेस्टिवल अक्सर तमिल महीने थाई (थाई पूसम) के पांचवें दिन विल्लुपुरम, कुड्डालोर और कल्लाकुरिची जैसे जिलों में मनाया जाता है, जो पोंगल फसल उत्सव के खत्म होने का प्रतीक है, इसमें भीड़ उमड़ती है।

# यूपी में हुई बारिश, ओले गिरे

## बिहार में कोहरे से विजिबिलिटी 50 मीटर; उत्तराखंड में टेंपरेचर माइनस 21 रहा, जयपुर में आंधी



नई दिल्ली/लखनऊ/देहरादून। उत्तर प्रदेश के 5 शहरों में सोमवार सुबह बारिश हुई। अलीगढ़ और लखीमपुर में रविवार देर रात ओले गिरे। वहीं, जयपुर में सोमवार दोपहर बाद बादल छा गए और कुछ इलाकों में आंधी चली। मौसम विभाग ने 22 जनवरी को 6 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

बिहार के समस्तीपुर-बेगूसराय में घना कोहरा छाया रहा। इस वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर रही। मौसम विभाग ने बताया कि न्यूनतम तापमान 1 से 2 डिग्री तक गिर सकता है। इस कारण सुबह-शाम तेज ठंड लगेगी।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ में न्यूनतम तापमान -21 डिग्री सेल्सियस रहा।

**21 जनवरी**

उत्तर भारत में सर्द हवाओं के चलते ठिठुरन बनी रहेगी। कई इलाकों में कोहरा छाया रह सकता है।
राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है। मिनिमम टेम्परेचर में गिरावट रहेगी।

**22 जनवरी**

उत्तर भारत आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरा छाया रह सकता है।
राजस्थान और आसपास के क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान में कोहरा भी छाया रह सकता है।

# छत्तीसगढ़-झारखंड बॉर्डर पर बस पलटने से 10 मौतें

## इनमें 5 महिलाएं, 5 पुरुष, 19 गंभीर, ब्रेक फेल था, सभी सगाई में जा रहे थे

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर ओरसा घाट में स्कूल बस पलटने से मौत का आंकड़ा बढ़कर 10 हो गया। मृतकों में 5 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं। हादसे 78 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 19 की हालत गंभीर है। घायलों को गुमला और रांची के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसा रविवार दोपहर झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड थाना क्षेत्र में हुआ।



हादसा रविवार दोपहर छत्तीसगढ़ सीमा से लगभग 7 किलोमीटर दूर झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड थाना क्षेत्र में हुआ। इसमें 87 लोग सवार थे, जो बलरामपुर जिले के ग्राम पीपरसोत, महाराजगंज, झपरा और बुद्धीडीह से सगाई समारोह में शामिल होने के लिए ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल की बस में झारखंड के लोधगांव जा रहे थे।

बस ओरसा बंगलादारा घाटी में पहुंची थी, तभी ढलान में बस का ब्रेक अचानक फेल हो गया। इस दौरान तेज रफ्तार बस पीडब्ल्यूडी के रोड सेफ्टी गार्ड को तोड़ते हुए पेड़ से टकराकर करीब 20 फीट नीचे जाकर सड़क पर पलट गई। हादसे में 5 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 5 लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### बस का ब्रेक हो गया था फेल, नहीं हुई कंट्रोल

बस ड्राइवर विकास पाठक के मुताबिक, हादसे से कुछ समय पहले ही ब्रेक नहीं लगने का अहसास हुआ। स्थिति को संभालने के लिए हैंड ब्रेक का उपयोग किया। इसके बाद इंजन भी बंद कर दिया, लेकिन ढलान होने के कारण बस बेकाबू हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना गंभीर था कि कई यात्री बस के अंदर सीटों और लोहे के ढांचे के बीच फंस गए, जबकि कुछ यात्री उछलकर सड़क किनारे जा गिरे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही महुआडांड़ पुलिस मौके पर पहुंची।

### छत्तीसगढ़ और झारखंड के अस्पताल में भर्ती

महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से लोगों को बस से बाहर निकाला गया। 60 घायलों को एंबुलेंस के जरिए महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 20 कार्मेल अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद यहां से कुछ गंभीर रूप से घायलों को गुमला, लातेहार हॉस्पिटलों में भर्ती किया गया। गुमला अस्पताल में दो पुरुष और लातेहार सदर अस्पताल में एक महिला ने दम तोड़ दिया। देर रात 25 घायलों को अंबिकापुर लाया गया। जहां एक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### हाईकोर्ट का कुलदीप सेंगर की सजा पर रोक से इनकार

**उन्नाव।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को रेपिस्ट कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। उसे उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की पुलिस हिरासत में मौत मामले में ट्रायल कोर्ट ने 10 साल के कठोर कारावास और 10 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की हिरासत में मौत के मामले में कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। सेंगर के भाई अतुल सिंह सेंगर और पांच अन्य लोगों को भी 10 साल की जेल की सजा दी गई थी। इसी फैसले के खिलाफ सेंगर ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सेंगर ने दलील दी थी कि वह इस केस में करीब 9 साल जेल में रह चुका है और अब सिर्फ 11 महीने की सजा बाकी है। पीड़ित की ओर से वकील महमूद प्राचा ने जमानत का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि सेंगर को जमानत मिलने से पीड़ित और उसके परिवार को खतरा है।

# कार ने 13 को रौंदा, अब तक 5 लोगो की मौत

▸ जबलपुर में गुस्साए लोगों ने 4 घंटे किया चक्काजाम, वाहनों की लगी कतार; गाड़ी मालिक हिरासत में

**जबलपुर।** जबलपुर के हिट एंड रन मामले में मृतकों के परिजन और स्थानीय लोग सोमवार को सड़क पर उतर आए। दोपहर करीब 1 बजे चक्काजाम शुरू हुआ, जो शाम 5.15 बजे प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। चक्काजाम के चलते करीब 5-6 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीण 10 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग कर रहे थे। सोमवार देर शाम प्रदेश सरकार ने भी मृतकों और घायलों को सहायता राशि स्वीकृत की है।

इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। रविवार को मौके पर चैनवती बाई (40) और लच्छो बाई (40) की मौत हुई थी। वहीं देर रात इलाज के दौरान गोमता बाई (40), वर्षा कुशराम (45) और कृष्णा बाई (40) ने दम तोड़ दिया। हादसे में 11 मजदूर घायल हुए हैं।

हादसा रविवार दोपहर उस समय हुआ, जब बरेला से जबलपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार सफेद कार ने सड़क किनारे बैठे 13 मजदूरों को टक्कर मार दी। कार चालक मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार बिना नंबर की थी।

मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। कार मालिक दीपक सोनी को हिरासत में लिया गया है, जबकि चालक और उसका भाई लखन सोनी फरार है।

एएसपी जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम आरोपी की तलाश में जुटी है, टोल नाकों और रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# बंगाल एसआईआर, गड़बड़ी वाले 1.25 करोड़ नाम सार्वजनिक करने का निर्देश

**सुप्रीम कोर्ट बोला- जांच पारदर्शी रहे, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के 1.25 करोड़ वोटर्स को अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए एक और मौका दिया। कहा कि वे 10 दिन में अपने डॉक्यूमेंट्स चुनाव आयोग को पेश करें।

चुनाव आयोग ने राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान नाम, सरनेम, आयु में गड़बड़ी की वजह 1.25 करोड़ वोटर्स को लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी नोटिस जारी किया था।

कोर्ट ने कहा कहा चुनाव आयोग गड़बड़ी वाली वोटर लिस्ट ग्राम



पंचायत भवन, ब्लॉक कार्यालय और वार्ड कार्यालय में सार्वजनिक लगाए, ताकि लोगों को पता चल सके। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने कहा- सिर्फ तर्क के आधार पर आम लोगों को परेशान नहीं किया जा सकता है।

वोटर लिस्ट में सुधार की प्रक्रिया जरूरी है, लेकिन यह पारदर्शी और समय पर हो। चुनाव आयोग लोगों की परेशानी को समझे।

**हत्या**

**कारोबारी के पिता, पत्नी और बेटी की लाश मिली...मां तड़प रही थीं**

# एटा में दिनदहाड़े परिवार के 4 लोगों की कूचकर हत्या

एटा। यूपी के एटा जिले में सोमवार को दिनदहाड़े दवा कारोबारी के बुजुर्ग माता-पिता और पत्नी-बेटी की सिर कूचकर हत्या कर दी गई। कारोबारी की मां फर्श पर पड़ी तड़प रही थीं। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

कमरे में जहां लाशें पड़ी थीं, वहां खून से सनी इंटरलॉकिंग वाली ईंट पड़ी थी। आशंका है कि इसी ईंट से सभी के सिर कूचे गए। धारदार हथियार से हमला किया गया।

घटना के समय घर पर चार लोग ही मौजूद थे। दोपहर 2 बजे कारोबारी का बेटा स्कूल से लौटा तो उसने लाशें देखीं। एक बजे के आसपास कारोबारी खाना खाने घर आया था। तब तक सब ठीक था। लूटपाट भी नहीं हुई।



ज्योति रत्ना देवी श्यामा देवी गंगा सिंह

मृतकों में गंगा सिंह (75), उनकी पत्नी श्यामा देवी (70), बहू रत्ना देवी पत्नी कमल सिंह (45) और कमल की बेटी ज्योति (20) शामिल हैं। मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के नगला प्रेमी इलाके का है। परिवार में अब कमल सिंह, उनकी 17 साल की बेटी लक्ष्मी और 5 साल देवांश बचा है।

### क्राइम सीन समझिए...

दो मंजिला मकान में ऊपर की मंजिल में दो कमरे और बरामदा है। नीचे हॉल, एक रूम और जीना बना हुआ। मकान में गंगा सिंह की लाश ग्राउंड फ्लोर पर चारपाई पर पड़ी थी।

कमल की मां श्यामा देवी और बेटी ज्योति के शव फर्स्ट फ्लोर पर कमरे की फर्श पर पड़े थे। जबकि पत्नी रत्ना का शव बेड पर था।

पुलिस जब पहुंची तो श्यामा देवी के शरीर में हलचल थी। उनकी सांसें चल रही थीं।

श्यामा देवी का सिर बुरी तरह फटा हुआ था, जबकि अन्य शवों पर भी गंभीर चोटों के निशान मिले हैं।

### बेटा बोला- मैं खाना खाकर गया था, तब सबकुछ ठीक था

गंगा सिंह के बेटे कमल ने बताया- दोपहर एक बजे के आसपास मैं अपने मेडिकल स्टोर से खाना खाने घर आया था।

दुकान पर 17 साल की बेटी लक्ष्मी को बिठाकर आया था। उस समय घर पर सबकुछ ठीक था। सभी लोग घर पर थे। खाना खाने के बाद मैं मेडिकल स्टोर चला गया। वहां से मार्केट चला गया।

# संपादकीय



## अनाथालयों की दीवारों के पीछे कैसे उज्ज्वल होगा मासूमों का भविष्य?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

अनाथालय केवल ईंट-पत्थर की इमारतें नहीं होतीं, बल्कि वे उन हजारों सपनों का घर होते हैं जो अपनों के अभाव में पल रहे हैं। अक्सर हम अनाथालयों को केवल आश्रय स्थल के रूप में देखते हैं, लेकिन यदि हमें इन बच्चों का भविष्य वास्तव में उज्ज्वल बनाना है, तो हमें अपनी दृष्टि को दया से बदलकर सशक्तीकरण की ओर ले जाना होगा।

### 1. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : विकास की पहली सीढ़ी

किसी भी बच्चे के लिए शिक्षा ही वह चाबी है जो बंद दरवाजों को खोल सकती है। अनाथालयों में पल रहे बच्चों के लिए केवल साक्षर होना पर्याप्त नहीं है। उन्हें प्रतिस्पर्धी और आधुनिक शिक्षा मिलनी चाहिए। डिजिटल साक्षरता, कोडिंग और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान उन्हें समाज के अन्य बच्चों के बराबर खड़ा करने में मदद करेगा। निजी स्कूलों और कॉरपोरेट जगत को अडॉप्ट ए स्कूल पहल के जरिए इन बच्चों की उच्च शिक्षा की जिम्मेदारी उठानी चाहिए।

### 2. कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण

18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद अक्सर अनाथ बच्चों को संस्था छोड़नी पड़ती है। ऐसे में आफ्टर-केयर प्रोग्राम सबसे महत्वपूर्ण हो जाते हैं। यदि अनाथालय के भीतर ही बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार तकनीकी कौशल, ग्राफिक डिजाइनिंग, मोबाइल रिपेयरिंग या हस्तशिल्प का प्रशिक्षण दिया जाए, तो वे बाहर निकलते ही आत्मनिर्भर बन सकते हैं। आर्थिक स्वतंत्रता ही उनके भविष्य के अंधकार को दूर कर सकती है।

### 3. मानसिक स्वास्थ्य और परामर्श

अनाथालय के बच्चों ने अक्सर कम उम्र में ही अलगाव और अभाव का आघात झेला होता है। दीवारों के पीछे पल रहे इन बच्चों के मन में असुरक्षा की भावना घर कर जाती है। उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए नियमित मनोवैज्ञानिक परामर्श अनिवार्य होने चाहिए। जब तक बच्चा मानसिक रूप से स्वस्थ और आत्मविश्वास से भरा नहीं होगा, वह दुनिया की चुनौतियों का सामना नहीं कर पाएगा।

### 4. सामाजिक एकीकरण : 'दीवारों' को तोड़ना जरूरी

अनाथालयों को समाज से कटी हुई कोई अलग दुनिया नहीं समझना चाहिए। बच्चों का भविष्य तब उज्ज्वल होगा जब वे बाहरी दुनिया के साथ मेल-जोल बढ़ाएंगे। सामुदायिक कार्यक्रमों, खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक उत्सवों में इन बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इससे उनके भीतर का संकोच खत्म होगा और वे समाज का हिस्सा बनने के लिए तैयार होंगे।

### 5. सरकारी नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन

सरकार को स्पॉन्सरशिप योजनाओं को और अधिक सुलभ बनाना चाहिए। अनाथ बच्चों के लिए नौकरियों में आरक्षण और स्वरोजगार के लिए बिना ब्याज के ऋण जैसी सुविधाएं उनके भविष्य को सुरक्षा प्रदान करती हैं। साथ ही, अनाथालयों की निगरानी के लिए एक सख्त ऑडिट सिस्टम होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि फंड का उपयोग बच्चों के पोषण और विकास पर ही हो रहा है।

### 6. भावनात्मक सहारा और मेंटरशिप

एक उज्ज्वल भविष्य केवल पैसों से नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन से बनता है। समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को इन बच्चों का %मेंटर% (मार्गदर्शक) बनना चाहिए। महीने में कुछ घंटे उनके साथ बिताना, उन्हें करियर की सलाह देना या बस उनकी बातें सुनना, उनमें यह विश्वास जगाता है कि वे अकेले नहीं हैं।

### निष्कर्ष

अनाथालयों की दीवारों के पीछे पल रहे बच्चों का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा जब हम उन्हें बेचारा समझना बंद करेंगे और उन्हें विजेता बनने के अवसर प्रदान करेंगे। यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि हम सबकी है। जब समाज का हर वर्ग इन बच्चों के हाथ थाम लेगा, तभी वे अनाथालय की चारदीवारी से निकलकर सफलता के खुले आसमान में उड़ान भर सकेंगे।

## शांति थोपने की कोशिश

नोबेल शांति पुरस्कार की उत्कट अभिलाषा के मोह में अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया के तमाम हिस्सों में जारी अशांति पर शांति थोपने की असफल कोशिश करते रहे हैं। कई देशों में टकराव के बाद शांति की स्थापना की असफल कोशिशों के पश्चात अब ट्रंप गाजा में शांति थोपने का उपक्रम कर रहे हैं। गाजा में शांति स्थापना के लिये अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रस्तावित योजना विश्व की नियामक संस्थाओं के ढांचे से बाहर उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप एक महत्वाकांक्षी कदम है। गाजा में शांति बनाये रखने के लिये मुनाफे व व्यापार जैसी प्रक्रिया के रूप में यह प्रयास अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता को एक प्रत्यक्ष चुनौती है। जो लंबे समय से दुनिया के सबसे जटिल संघर्षों में से एक गाजा संकट को दूर करने के प्रयासों में लगी हुई हैं। सही मायनों में ट्रंप का यह शांति प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र संघ को दरकिनार करने जैसा है, जिसको लेकर उन्होंने बार-बार नकारात्मक प्रतिक्रिया दी हैं। उनकी दलील है कि संयुक्त राष्ट्र संघ मौजूदा वैश्विक चुनौतियों से निपटने में अक्षम और पक्षपाती है। वह इसमें अत्यधिक नौकरशाही हावी होने के भी आरोप लगाते रहे हैं। निश्चित तौर पर दुनिया की महाशक्तियां संयुक्त राष्ट्र को हांकने का प्रयास करती रही हैं। वे अपने मनमाफिक न होने पर इसे अक्षम बताने लगते हैं। दरअसल, ट्रंप की कोशिश है कि उसकी मनमाफिक क्षेत्रीय शक्तियां और अमेरिका-संगठित पक्षों द्वारा शांति योजना को सिरे चढ़ाया जाए। निश्चित रूप से यह प्रयास सार्वभौमिक बहुपक्षवाद को नकार कर शासन व्यवस्था बदलने का प्रयास ही है। निर्विवाद रूप से जो शांति, बिना वैधता,सहमति और जवाबदेही के थोपी जाती है, वह कभी स्थायी समाधान का वाहक नहीं बन सकती है। ऐसे में किसी भी विश्वसनीय शांति प्रयास के जरिये उन वास्तविकताओं से निपटना होगा, जिन्हें ट्रंप मनमानी व जल्दबाजी में अकसर नजरअंदाज करते रहे हैं। अन्यथा यह कोशिश भी ट्रंप की अन्य कोशिशों की तरह विफल ही साबित होगी।

आज गाजा संकट जिस मुश्किल दौर में पहुंच चुका है, उसके लिये जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के क्रियान्वयन, नागरिकों की सुरक्षा और समावेशी शासन का मार्ग प्रभावी समझौते से सुनिश्चित किया जाए। ऐसे हालात में यदि अमेरिका अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं को अधिक महत्व देता है या राजनीतिक अधिकारों के बजाय आर्थिक वादों को प्राथमिकता देता है, तो इस प्रयास में उस जोखिम की आशंका बनी रह सकती है, जो जमीनी वास्तविकताओं के बोझ से ढह सकता है। गाजा में शांति के लिये नये प्रयास कसौटी पर तभी खरे उतर सकते हैं जब इसमें गाजा की वास्तविक आवाज को सुना जाता हो। निश्चित रूप से हिंसा पर काबू पाना प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन नागरिकों के जीवन की गरिमा बनाये रखना और सुरक्षा सुनिश्चित करना भी जरूरी है। शांति समझौते में यदि स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी होती है तो यह शांति प्रस्ताव एक उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि दशकों से हिंसा व विस्थापन का दंश झेल रहे गाजावासियों के कष्टों को और बढ़ाएगा ही।

## बंगाल में लोकतंत्र, विकास और अस्मिता की निर्णायक परीक्षा-घड़ी

-ललित गर्ग-



पश्चिम बंगाल की राजनीति इस समय एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जहां सत्ता, संघर्ष, कानून और जनभावना-चारों धाराएं एक-दूसरे से टकराती हुई दिखाई देती हैं। यह टकराव केवल भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई भर नहीं है, बल्कि यह उस शासन शैली, लोकतांत्रिक मर्यादा और विकास दृष्टि की भी परीक्षा है, जिसके आधार पर बंगाल अपनी आने वाली राजनीतिक दिशा तय करेगा। लंबे समय तक खेला होगा के नारे के सहारे भाजपा को रोकने में सफल रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने इस बार परिस्थितियां अपेक्षाकृत अधिक जटिल, चुनौतीपूर्ण और बहुआयामी नजर आ रही हैं। आज समूचे देश की नजरे पश्चिम बंगाल पर टिकी है। वहां आगामी विधानसभा काफी रोमांचक एवं निर्णायक होगा, जिसमें पश्चिम बंगाल का नया भविष्य बुनने की दिशाएं उद्घाटित होगी।

एक ओर केंद्र और राज्य के बीच टकराव अपने चरम पर है, तो दूसरी ओर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, अदालती टिप्पणियां और कानूनी बहसें राजनीतिक विमर्श को नियंत्रित कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों ने केवल एक कानूनी प्रश्न ही नहीं उठाया, बल्कि यह संकेत भी दिया कि राज्य सरकारों द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों के कामकाज में हस्तक्षेप की सीमाएं कहां तक हो सकती हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने ममता बनर्जी की उस राजनीतिक छवि को आंशिक रूप से प्रभावित किया है, जो अब तक स्वयं को केंद्र के कथित दमन के विरुद्ध संघीय ढांचे की रक्षक के रूप में प्रस्तुत करती रही हैं। अदालतों में लंबी चलने वाली कानूनी लड़ाइयों का राजनीतिक प्रभाव तुरंत और गहरा होता है, विशेषकर तब, जब चुनाव नजदीक हों और जनता का ध्यान प्रशासनिक उपलब्धियों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप पर केंद्रित होने लगे। बंगाल की राजनीति की एक विशिष्ट विशेषता यह रही है कि यहां विचारधारा और भावनाएं अत्यंत तीव्र रूप से अभिव्यक्त होती हैं। वाम मोर्चे के लंबे शासन के बाद ममता बनर्जी का उदय एक जनांदोलन के रूप में हुआ था। उन्होंने न केवल वामपंथी वर्चस्व को तोड़ा, बल्कि खुद को गरीब, हाशिए के वर्ग और क्षेत्रीय अस्मिता की आवाज के रूप में स्थापित किया। शुरुआती वर्षों में उनकी सरकार ने कुछ कल्याणकारी योजनाओं और सशक्त राजनीतिक संप्रेषण के माध्यम से जनता का विश्वास भी अर्जित किया। किंतु समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, संगठन पर अत्यधिक नियंत्रण और विरोध के प्रति असहिष्णुता जैसे आरोप भी समानांतर रूप से उभरते गए।

भाजपा ने इन्हीं कमजोरियों को अपना राजनीतिक आधार बनाने की कोशिश की है। 2019 के लोकसभा चुनावों से लेकर अब तक भाजपा ने बंगाल में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया है और हिंदुत्व, राष्ट्रवाद तथा भ्रष्टाचार विरोधी विमर्श को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाया है। हालांकि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने भारी बहुमत से वापसी की, लेकिन यह भी सच है कि भाजपा बंगाल की राजनीति में एक स्थायी और निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है। मत प्रतिशत में अंतर और सीटों का आंकड़ा भाजपा के लिए भले ही निराशाजनक रहा हो, पर संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक आधार का विस्तार उसके लिए भविष्य की संभावनाओं के द्वार खोलता है। हाल के वर्षों में बंगाल में विकास का प्रश्न अपेक्षाकृत पीछे छूटता दिखाई दिया है। उद्योग, निवेश और रोजगार के मुद्दे राजनीतिक शोर में दब गए हैं। आम जनता की एक बड़ी चिंता यह भी है कि राज्य की राजनीति निरंतर टकराव और हिंसा के आरोपों से क्यों घिरी रहती है। चुनावी हिंसा, राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर हमले और प्रशासन की निष्पक्षता पर उठते सवाल राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। पड़ोसी देशों से अवैध घुसपैठ, सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकीय बदलाव और कानून-व्यवस्था की चुनौतियां भी राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन चुकी हैं। इन मुद्दों पर ममता सरकार का रुख अक्सर रक्षात्मक दिखाई देता है, जबकि भाजपा इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करती है।


महाराष्ट्र के शहरी निकाय चुनावों और बिहार में भाजपा को मिली हालिया सफलता ने पार्टी के आत्मविश्वास को निश्चित रूप से बढ़ाया है। भाजपा का यह विश्वास कि बंगाल अब भी राजनीतिक परिवर्तन के लिए तैयार है, केवल चुनावी आंकड़ों पर आधारित नहीं है, बल्कि वह इसे एक लंबी रणनीति का हिस्सा मानती है। किंतु बंगाल कोई साधारण राजनीतिक मैदान नहीं है। यहां की सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक स्मृति किसी भी दल के लिए आसान नहीं रही है। ममता बनर्जी की सबसे बड़ी ताकत आज भी उनकी जमीनी पकड़ और भावनात्मक अपील है, जो उन्हें भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से अलग, एक क्षेत्रीय और स्थानीय नेता के रूप में स्थापित करती है। आने वाले विधानसभा चुनाव वास्तव में इस बात की कसौटी होंगे कि जनता विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देती है या फिर भावनात्मक और पहचान आधारित राजनीति को? क्या ममता बनर्जी लगातार चौथी बार सत्ता में लौटकर यह सिद्ध कर पाएंगी कि केंद्र से टकराव ही उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है, या भाजपा जनता को यह विश्वास दिलाने में सफल होगी कि परिवर्तन ही स्थायित्व और विकास का रास्ता है, यह प्रश्न अभी खुला हुआ है। अदालती प्रक्रियाएं, राजनीतिक बयानबाजी और चुनावी रणनीतियां अपनी जगह हैं, लेकिन अंतिम निर्णय बंगाल की जनता के हाथ में है।

पश्चिम बंगाल की राजनीति आज संकीर्णता और सांप्रदायिक ध्रूवीकरण के ऐसे दौर से गुजर रही है, जिसने विकास की गति को गंभीर रूप से अवरुद्ध किया है। कभी देश की आर्थिक, औद्योगिक और बौद्धिक राजधानी कहलाने वाला बंगाल-विशेषकर कोलकाता, आज निवेश, उद्योग और रोजगार के मोर्चे पर पिछड़ता हुआ दिखाई देता है। ममता बनर्जी के लंबे शासनकाल में औद्योगिक विश्वास का क्षरण, पूंजी पलायन, बंद होती इकाइयाँ और युवाओं का अन्य राज्यों की ओर पलायन इस गिरावट के स्पष्ट संकेत हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर उठते प्रश्न, विपक्षी आवाज़ों का दमन और चुनावी हिंसा की घटनाएँ राज्य के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य पर गहरी चोट करती हैं। इसके साथ ही, राज्य में सामाजिक ताने-बाने को लेकर बढ़ती आशंकाएँ भी कम चिंताजनक नहीं हैं। अनेक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था, धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक संबंधों को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं; विशेषकर हिंदू समाज के एक हिस्से में असुरक्षा की भावना ने जनमन को आहत किया है। इन घटनाओं और धारणाओं ने जनता के भरोसे को कमजोर किया है और शासन के प्रति निराशा को बढ़ाया है। राजनीति जब पहचान और विभाजन के इर्द-गिर्द सिमटती है, तो विकास, समावेशन और सामाजिक सौहार्द पीछे छूट जाते हैं, यही आज के बंगाल की त्रासदी बनती दिख रही है।

ऐसे समय में बंगाल की जनता के लिए अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति सजग होना अनिवार्य है। यह राज्य केवल भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि उसकी अस्मिता उसकी बौद्धिक परंपरा, भावनात्मक संवेदनशीलता, धार्मिक सहअस्तित्व, आध्यात्मिक खोज और समृद्ध साहित्यिक विरासत से निर्मित है-रवींद्रनाथ से विवेकानंद तक की धरोहर इसे दिशा देती रही है। दंगों, हिंसा और भय के साए में इस अस्मिता पर जो दाग लगे हैं, उन्हें मिटाने का मार्ग शांतिपूर्ण, जागरूक और निर्भीक लोकतांत्रिक सहभागिता से ही निकलेगा। आगामी चुनाव जनता के लिए आत्ममंथन और आत्मनिर्णय का अवसर हैं-जहाँ मत केवल सत्ता नहीं, बल्कि बंगाल के भविष्य, उसकी संस्कृति और उसके लोकतांत्रिक आत्मसम्मान की रक्षा का माध्यम बनना चाहिए। बंगाल की बनती नई तस्वीर अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। यह तस्वीर संघर्ष और संभावनाओं, आशंकाओं और उम्मीदों से बनी है। एक ओर सत्ता का अनुभव और जनाधार है, तो दूसरी ओर आक्रामक विपक्ष और राष्ट्रीय राजनीति की ताकत। लोकतंत्र की यही खूबी है कि वह अंतिम शब्द जनता को देता है। बंगाल के मतदाता ही तय करेंगे कि शह-मात की इस राजनीति में अगली चाल किसकी होगी और कौन-सा पक्ष अंततः बाजी मारेगा।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3776




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3775 का हल



## हंसी के फूव्वारें

फौजदारी का मुकदमा था.

अपराध स्वीकार कर लेने के पश्चात वकील ने अपराधी से पूछा-'तुमने उसे कितने थप्पड़ मारे थे ?'

'जी एक !'

तभी वह आदमी चिल्ला पड़ा जिसे मार पड़ी थी-'यह झूठ बोलता है मीलॉर्ड ! इसने मुझे पांच थप्पड़ मारे थे !'

इस पर अपराधी ने भोलेपन से कहा-'मीलॉर्ड ! मैंने मारा तो एक ही थप्पड़ था, पर इसके स्वास्थ्य को देखते हुए मैंने उसे पांच किश्तों में बांट दिया था.'

□ □ □

एक बार परेड हो रही थी.

एक कमांडर को बहुत कम जवानों के नाम याद रहते थे. वह जिस किसी जवान का नाम जानता था, वरेड के समय उसी को ज्यादा टोकता था.

उस दिन परेड में वह चिल्लाया-'महेश ! परेड के साथ नहीं चलते. कदम बराबर मिलाओ ! तुम बहुत सुस्त चलते हो.'

'सर !'


सूबेदार ने सूचना दी-'महेश तो आज छुट्टी पर है.'

'तो क्या हुआ ?'

कमांडर और जोर से चीखा-'वह वहां भी सुस्त चल रहा होगा.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3776



**बायें से दायें:-**

१. 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
३. 'ये प्यार यार क्या है' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ सजना बरखा बहार आई' गीत किस फिल्म का है ?-३
८. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
९. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१०. अक्षय, करीना की 'तुने कहा जबसे हाँ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'रूठे सैंया हमारे सैंया' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१२. रणधीर कपूर, रेखा की फिल्म-३
१४. 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम' गीत किस फिल्म का है ?-३
१६. बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
१७. 'पल्लो लटके' गीत वाली फिल्म-३
१९. दिलीपकुमार, निम्मी की 'दिल में छुपाके' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'जो भी कसमें' गीत वाली डीनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-२
२२. धर्मेन्द्र, हेमा की 'राजा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
२५. राजकुमार, प्रिया राजवंश की फिल्म-३
२७. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
२८. राहुल, दीपक, पूजा भट्ट की 'मेरे दिल का पता' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'जिंदगी आ रहा' गीत वाली की फिल्म-३
३१. विनोद, डैनी, मौसमी की 'संसार है एक नदिया' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तू मेरे सामने' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, श्रीदेवी की 'मैं तुझे कबूल' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'जीवन चलने का नाम' गीत वाली मनोज, जया की फिल्म-२
४. फिल्म 'आनंद' में आनंद की शीर्षक भूमिका किसने की थी ?-३,२
५. शशिकपूर, शबाना की 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली फिल्म-३
६. अमरीशपुरी पर फिल्माये 'ये दुनिया एक दुल्हन' गीत वाली फिल्म-४
७. 'मंदिर में ना मस्जिद' गीत वाली फिल्म-५
१३. धर्मेन्द्र, वहीदा, जया की 'कब माने हो दिल के दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'हम जब सिमट' गीत वाली शशि, साधना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१७. देवानंद, गीत बाली की 'ठंडी हवाएं लहरा के आएं' गीत वाली फिल्म-४
१८. नायक के रूप में अनिल कपूर की पहली फिल्म-३
१९. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
२०. मनोजकुमार, नंदा की 'काले हैं तो क्या हुआ' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली फिल्म-४
२६. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एक हिंदी फिल्म-३
२८. सनी, तब्बू, रीमा सेन की 'जो प्यार तुमने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'खोया है तूने' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3775



## सूडोकु -3776




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3775 का हल



## शब्द पहेली - 3776



**बाएँ से दाएँ**

1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**

1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीडा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली - 3775 का हल



# नोएडा में इंजीनियर की मौत : तीन सदस्यीय एसआईटी बनाई

## एडीजी मेरठ हेड; प्राधिकरण के सीईओ को हटाया

**नोएडा।** नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत मामले में सीएम योगी एक्शन में आ गए हैं। घटना की जांच के लिए 3 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है। एडीजी जोन मेरठ एसआईटी अध्यक्ष हैं। मंडलायुक्त मेरठ और चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी को भी एसआईटी में शामिल किया गया हैं। एसआईटी पांच दिनों में इस मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट सीएम को सौंपेगी।

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम को भी हटा दिया गया है। लोकेश एम ने सेक्टर-150 में निर्माणाधीन मॉल के बेसमेंट और आसपास यातायात संबंधी काम के लिए जिम्मेदार संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। वहीं उन्होंने नोएडा ट्रैफिक सेल विभाग के जूनियर इंजीनियर नवीन कुमार की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी थीं।

### अब पढ़िए पूरी घटना...

16 जनवरी की रात करीब 12 बजे युवराज मेहता (27) अपनी ग्रैंड विटारा कार से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहे थे। सेक्टर-150 मोड़ पर यूटर्न था। कोहरे की वजह से उन्हें आगे का रास्ता नहीं दिखा और उनकी कार नाले को तोड़ते हुए पानी से भरे प्लॉट के गड्ढे में गिर गई। मॉल के बेसमेंट के लिए यहां 30 फीट का गड्ढा खोदा गया था।

युवराज किसी तरह डूबती कार से बाहर निकलकर उसकी छत पर चढ़ गए। 12.20 बजे उन्होंने अपने पिता को फोन करके हादसे की जानकारी दी। पिता ने तुरंत डायल-112 पर घटना की सूचना दी। कुछ ही मिनट में पिता वहां पहुंच गए। करीब 30 मिनट बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीमें पहुंची। रात 1.15 बजे एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची।

### एनडीआरएफ के पहुंचने से पहले डूब चुका था

उस समय घने कोहरे की वजह से युवराज की सिर्फ आवाजें ही सुनाई दे रही थी। युवराज करीब 80 मिनट तक



चिल्लाता रहा कि कोई मुझे बचा लो। कार जल्दी ही डूब जाएगी। लेकिन कोई उसकी मदद नहीं कर सकता। फिर पौने दो बजे के करीब गड्ढे भरे पानी में कार समेत युवराज डूब गए। 1.55 पर एनडीआरएफ की टीम भी गाजियाबाद से मौके पर पहुंची। सुबह करीब 4: 30 शव को बाहर निकाला गया।

### हादसे के बाद वहां मलबा गिराया

घटना के बाद लोगों ने घटनास्थल पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा- ये हादसा सिर्फ नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही की वजह से हुआ। इस कट पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। जिसके चलते कई बार प्राधिकरण को यहां बेरिकेडिंग और रिफ्लेक्टर लगाने के लिए कहा गया, लेकिन यहां कुछ नहीं किया गया। जब मामला बढ़ा तो, प्राधिकरण ने देर शाम घटनास्थल के पास सैकड़ों टन मलबा गिरा दिया।

### रेस्क्यू देर से शुरू हुआ

दरअसल, ये प्लाट एससी-02 सेक्टर-150 है। ये प्लाट अभी खाली है। इसपर एक मॉल बनाया जाना था। बेसमेंट के लिए जमीन खोदी गई थी, लेकिन किसी वजह से मॉल का निर्माण नहीं हो सका। इसमें बगल के नाले से पानी भर गया था। जोकि दलदल का रूप ले लिया।



लोगों का कहना है कि घटना करीब 12 बजे की है। कोहरे की वजह से समय से रेस्क्यू नहीं किया जा सका। सारी टीमें मौके पर मौजूद थी। इसके बाद भी युवक करीब 80 मिनट तक चिल्लाता रहा, उसे बचाया नहीं जा सका। तड़प-तड़पकर अपने पिता के सामने बेटे ने दम तोड़ दिया।

### प्लॉट मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जॉइंट सीपी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया- थाना नॉलेज पार्क अंतर्गत यह घटना हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची।

फायर ब्रिगेड के लैडर, क्रेन और सर्च लाइट समेत सभी जरूरी उपकरण से बचाव कार्य शुरू किया गया। फाइनल रेस्क्यू एसडीआरएफ को जोड़ कर किया गया है। उस समय जीरो विजिबिलिटी थी। युवराज की कार सेक्टर-150 के खाली प्लाट में गिरी थी। पुलिस ने पिता राजकुमार मेहता की शिकायत पर दो बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसमें पहला नाम बिल्डर एमएजे विशटाउन प्लानर लिमिटेड और दूसरा लोट्स ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड का है।

### दम घुटने और फेफड़ों में पानी भरने से मौत

युवराज की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। जिसमें दम घुटने को मौत का कारण बताया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, युवराज के फेफड़ों में पानी भर गया था। वो काफी देर तक पानी में डूबे रहे, उनके फेफड़ों में 200 मिलीलीटर पानी पाया गया था। पानी भरने से उनका दम घुट गया और इसी दौरान हार्ट फेलियर भी हो गया। हादसे के बाद से युवराज की गाड़ी अभी तक गड्ढे से नहीं निकाली जा सकी है।

# 10 साल की बच्ची की कई पसलियां और दांत टूटे

## सीआरपीएफ कांस्टेबल और पत्नी ने बुरी तरह पीटा, भूखा रखा; अब बच्ची वेंटीलेटर पर

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल और उसकी पत्नी ने 10 साल की बच्ची के साथ मारपीट की।

उसे अधमरी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची की हालत में देखकर डॉक्टर भी हैरान हो गए। उसके शरीर में गहरे घाव थे, कई पसलियां और दांत टूटे हुए थे। शरीर में हीमोग्लोबिन 1.9 था।

बच्ची के शरीर पर चोटों के कई नए-पुराने निशान मौजूद थे, जो लंबे समय से होने वाले अत्याचार की तरफ इशारा कर रहे थे।

तब डॉक्टरों ने बच्ची का मेडिकल लीगल केस तैयार कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने 18 जनवरी को एफआईआर दर्ज की।

मामले की जांच के लिए पुलिस सीआरपीएफ कैंप पहुंची। जहां वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की गई। आरोपी सही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी कमांडेंट तारीक अनवर और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना ईकोटेक-3 का है।




### बाथरूम में फिसलने से लगी चोट

ईकोटेक-3 में सीआरपीएफ कैंपस में ब्लॉक संख्या 60 के क्वार्टर नंबर 13 में कमांडेंट जीडी तारीक अनवर अपनी पत्नी रिम्पा खातून के साथ रहते हैं। दोनों ही आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। इनके साथ में पत्नी के पक्ष की 10 साल की भांजी भी रहती थी। जिससे वो घर का काम कराते थे। बच्ची को सीआरपीएफ कैंपस में रखने के लिए तारीक ने कोई परमिशन भी नहीं ली थी।

15 जनवरी को तारीक ने बच्ची को पहली बार सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्ची मरणासन्न हालत में थी। बच्ची के सिर, सीने और दूसरे अंगों में गंभीर चोट लगी थी। बच्ची को इतनी गंभीर हालत देखकर डॉक्टरों ने तारीक से इसकी वजह पूछी। तो तारीक ने बताया कि बाथरूम में फिसलकर गिर गई थी।

लेकिन डॉक्टरों ने जब बच्ची का मेडिकल तौर पर टेस्ट किया, तो उसके शरीर में कई पुराने घाव, चोट और उनके निशान थे। बच्ची बोल पाने तक की स्थिति में नहीं थी।

### बच्ची को कई दिन खाना नहीं दिया

डॉक्टरों को बच्ची के साथ बर्बरता होने का शक हुआ। जिसके बाद हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने बच्ची का मेडिकल लीगल केस तैयार किया।

इस रिपोर्ट में डॉक्टरों ने लिखा है- बच्ची की हालत बहुत खराब है। उसके शरीर में कई अंगों पर गहरी चोटें लगी हैं। बच्ची की हालत को देखकर लग रहा है कि उसे कई दिन से भूखा रखा गया है। ये लोग बच्ची से घर के काम कराते थे। अगर वो ठीक से काम नहीं कर पाती थी, तो वे उसे शारीरिक यातनाएं देते थे।

बच्ची का हीमोग्लोबिन सिर्फ 1.9 है। उसकी आंखों के नीचे काले धब्बे थे और पैरों में सूजन थी। उसे गहरे घाव और बेहोशी की हालत में अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लाया गया था।

### पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस टीम ने जब तारीक अनवर ने इस बारे में बात कि तो वो अपने अधिकारियों को और पुलिस को संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। जिसके बाद सीआरपीएफ के अधिकारियों ने तारीक को सस्पेंड कर दिया। वहीं पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी कांस्टेबल तारिक अनवर और उसकी पत्नी रिम्पा खातून को गिरफ्तार कर लिया है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि शिकायत के बाद इस मामले में धारा 110 बीएनएस के तहत मुकदमा रजिस्टर किया गया है। आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बच्चे को गाड़ी पर लिटाकर रील, ड्राइवर गिरफ्तार

## ग्रेटर नोएडा में सोशल मीडिया के लिए लग्जरी कार पर वीडियो बनाया था

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में सोशल मीडिया पर लाइक और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक बच्चे की जान जोखिम में डालकर लग्जरी कार से स्टंट करने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र की है, जहां एक लग्जरी अवंति कार के बोनट पर बच्चे को लिटाकर गाड़ी चलाई गई।

इस दौरान एक गाना बजाकर रील बनाई जा रही थी। कुछ अन्य लोगों ने भी इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया। बच्चे को गाड़ी पर लिटाकर चलाने वाले कार चालक



अंकितपाल, निवासी ए टावर 12 एवेन्यू गौर सिटी 2, को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बताया जा रहा है कि गाड़ी मालिक और बोनट पर बैठा बच्चा दोनों सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। वे यह वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करने के लिए बना रहे थे। इसका उद्देश्य कुछ लाइक्स, कमेंट्स और फॉलोअर्स बढ़ाना था।

गाड़ी पर लेटा हुआ बच्चा छोटा राजपाल के नाम से प्रसिद्ध है और वह सोशल मीडिया पर रील्स बनाता है। इस तरह के स्टंट से मासूम बच्चे की जान को गंभीर जोखिम में डाला जा रहा था।

# ग्रेटर नोएडा में 'बंटी-बबली' गिरफ्तार

## फर्जी हॉलमार्क वाली नकली ज्वेलरी से ठगी करते थे

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा-2 पुलिस ने फर्जी हॉलमार्क वाली नकली ज्वेलरी से धोखाधड़ी करने वाले बंटी और बबली को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चार नकली चूड़ियां (बेंगल) जिन पर फर्जी हॉलमार्क खुदे थे, 1,32,230 रुपये नकद और एक बिना नंबर प्लेट की टाटा सेरा कार बरामद की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक चौहान निवासी पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट, सेक्टर जीटा-1, ग्रेटर नोएडा और सानिया उर्फ सोनिया निवासी मोहल्ला अंसारियान, थाना सिकंदराबाद, बुलंदशहर (वर्तमान पता बी-2, 601 डिजाइनआर्च सोसाइटी, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर) के रूप में हुई है। पुलिस ने इन्हें थाना बीटा-2 क्षेत्र के गामा-2 ग्रीन बेल्ट से पकड़ा।

बीटा-2 थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दीपक और सानिया उर्फ सोनिया लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं। करीब डेढ़ साल पहले इनकी मुलाकात एक प्रॉपर्टी ऑफिस में हुई थी, जहां वे दोनों काम करते थे। इसके बाद उन्होंने मिलकर धोखाधड़ी का यह धंधा शुरू किया।

धोखाधड़ी के लिए ये लोग पहले ज्वेलर्स की दुकान पर जाते थे और वहां से असली ज्वेलरी लेते थे। फिर उसी तरह की नकली ज्वेलरी तैयार करवाते थे, जिस पर फर्जी होलोग्राम भी लगा दिया जाता था।

# नोएडा में पुलिस के सामने युवक ने की गाली गलौज

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक युवक द्वारा गाली-गलौज और हंगामा करने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह रही कि युवक ने पुलिस की मौजूदगी में भी अभद्र भाषा का प्रयोग जारी रखा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में उसी दिन वैधानिक कार्रवाई की गई थी। यह मामला बीटा-2 थाना क्षेत्र के सेक्टर बीटा-1 स्थित सी ब्लॉक का है। जानकारी के अनुसार, घटना 8 जनवरी की है, जब दो पड़ोसियों के बीच गाड़ी पार्किंग को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो बाद में विवाद में बदल गई।

# फैक्ट्री के जहरीले पानी से 25 भेड़ों की मौत

## ग्रेटर नोएडा में 50 से अधिक भेड़ों की हालत गंभीर, जांच शुरू

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक फैक्ट्री से निकले जहरीले पानी को पीने से कम से कम 25 भेड़ों की मौत हो गई। इस घटना में 50 से अधिक भेड़ों की हालत गंभीर बनी हुई है। यह मामला मोहम्मदपुर गुर्जर गांव के पास सामने आया है।

राजस्थान निवासी बाला सिंह अपने परिवार के साथ भेड़ पालन का कार्य करते हैं। सोमवार दोपहर वह अपनी भेड़ों को चराने के लिए मोहम्मदपुर गुर्जर गांव के नजदीक पहुंचे थे। इसी दौरान भेड़ों ने पास की एक फैक्ट्री के बाहर जमा जहरीला पानी पी लिया।

पानी पीने के कुछ ही देर बाद भेड़ों की हालत बिगड़ने लगी। देखते ही



देखते 25 से अधिक भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य भेड़ें गंभीर रूप से बीमार पड़ गईं।

घटना की सूचना मिलते ही दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची। पशु चिकित्सकों को बुलाकर गंभीर रूप से बीमार भेड़ों का तत्काल उपचार शुरू कराया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फैक्ट्री से निकलने वाले पानी की जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पीड़ित बाला सिंह ने आरोप लगाया है कि फैक्ट्री से निकलने वाला पानी अत्यधिक जहरीला था, जिसके कारण उनकी भेड़ों की जान गई। उन्होंने प्रशासन से दोषी फैक्ट्री मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

दनकौर पुलिस के अनुसार, पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पशुपालकों ने प्रशासन से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की भी मांग की है।

# इंजीनियर की मौत के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अलर्ट

## सड़कों पर गड्ढे, ब्लैक स्पॉट दुरुस्त करने का अभियान शुरू

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। यह कदम नोएडा में सड़क किनारे बने बेसमेंट में कार गिरने और पानी में डूबने से एक इंजीनियर की मौत के बाद उठाया गया है।

प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने तत्काल प्रभाव से सड़कों पर या उसके आसपास के सभी गड्ढों को भरने और दिशा-संकेतक सहित अन्य सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

सीईओ के निर्देशों के अनुपालन में, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने रविवार देर शाम महाप्रबंधक एके सिंह और सभी वर्क सर्किल प्रभारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की।

इसमें सहायक प्रबंधकों, प्रबंधकों और वरिष्ठ प्रबंधकों को अपने-अपने



क्षेत्रों में भ्रमण कर गड्ढों, शार्प यू-टर्न और ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर सुरक्षा के सभी उपाय करने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। यह अभियान सोमवार से ही शुरू हो गया है।

एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ सुमित यादव की देखरेख में परियोजना विभाग की टीम दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर रही है। महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में सभी वर्क सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधक और उनकी टीमें फील्ड में घूमकर आवश्यक कदम उठा रही हैं।

इनमें रोड मार्कर, कैट्स आई, सेंट्रल वर्ज की दीवारों पर पेंट व रिफ्लेक्टर लगाना, खुले नालों पर बैरिकेडिंग करना और मुख्य मार्गों से जुड़ने वाले संपर्क मार्गों पर स्पीड ब्रेकर लगाना शामिल है।

एसीईओ सुमित यादव ने स्वयं 130 मीटर रोड, सेक्टर दो व तीन जैसे क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर उन्हें दुरुस्त करने को कहा और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित वर्क सर्किल के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

विद्युत अभियांत्रिकी विभाग को भी सभी मार्गों पर स्ट्रीट लाइटों का परीक्षण कर अंधेरा न होने देने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, बिल्डरों को भी अपनी निर्माणाधीन साइटों पर सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए

## कोहरे में सड़क हादसों को रोकने के लिए अभियान चलाया

**जेवर। ग्रेटर** नोएडा में दनकौर कोतवाली पुलिस ने घने कोहरे के मद्देनजर सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। सोमवार देर शाम चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने सड़क पर चल रहे वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए और वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सर्दियों के मौसम में घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो जाती है। ऐसे में आगे चल रहे वाहन समय पर दिखाई नहीं देते, जिससे पीछे से टक्कर लगने की आशंका बढ़ जाती है। छोटे-छोटे एहतियाती उपाय न अपनाने के कारण कई बार गंभीर सड़क हादसे हो जाते हैं। इसी खतरे को देखते हुए दनकौर पुलिस ने यह अभियान शुरू किया।

अभियान के दौरान क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कोहरे के समय भी वाहन दूर से आसानी से नजर आ सकें। इस अभियान का नेतृत्व जगनपुर पुलिस चौकी प्रभारी वरुण कुमार ने किया, उनके साथ दरोगा सुनील कुमार सहित पुलिस टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर लगाने के लाभ बताए और कोहरे में सावधानी बरतने की अपील की।

# शार्ट न्यूज

### नोएडा में ग्रैप-4 लागू : गौतमबुद्ध नगर में कक्षाएं हाइब्रिड मोड में चलेंगी

**ग्रेटर नोएडा।** वायु गुणवत्ता में गिरावट के कारण कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) का स्टेज चार लागू कर दिया है। इसके मद्देनजर गौतमबुद्ध नगर जिले में छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में पढ़ाई के तरीकों में बदलाव किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। डीआईओएस ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगातार खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। बढ़ते प्रदूषण से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत कक्षा एक से पांच तक के साथ ही कक्षा छह से नौवीं और ग्यारहवीं तक के छात्रों की पढ़ाई हाइब्रिड मोड में कराई जाएगी। स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि जहां संभव हो, वहां ऑफलाइन कक्षाओं के साथ-साथ ऑनलाइन पढ़ाई की भी व्यवस्था की जाए। हाइब्रिड मोड के माध्यम से छात्र अपनी सुविधा और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार पढ़ाई का विकल्प चुन सकेंगे।

### ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में महिला की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें महिला का बेटा और एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक महिला की पहचान बुलंदशहर जिले के खुर्जा देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव आगराई निवासी सविता (36) के रूप में हुई है। हादसे में उनके बेटे लोकेश और जेठानी विमला देवी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सविता अपने बेटे लोकेश और जेठानी विमला देवी के साथ सोमवार को अपने मायके गांव फलेदा गई थीं। वे वहां अपने भतीजे की मौत पर शोक व्यक्त करने गई थीं। देर शाम तीनों एक बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। रबूपुरा कस्बे के नजदीक फलेदा मार्ग पर सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों को गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निम्स अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सविता ने दम तोड़ दिया।

### जेवर पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ किया गिरफ्तार

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**



**ग्रेटर नोएडा।** जेवर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जहाँगीरपुर पुलिस चौकी प्रभारी शिवप्रताप सिंह ने अपने पुलिस बल एसआई शिवम सचान,कास्टेंबल अरुण कुमार के साथ मिलकर एक अभियुक्त रहीश पुत्र नजीर निवासी मौहल्ला व्यापारियान कस्बा जहांगीरपुर थाना जेवर गौतमबुद्धनगर को नेकपुर रोड भट्टा के आगे गंगा प्रसाद मेमोरियल स्कूल के पास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा बारह बोर मय एक कारतूस जिन्दा बरामद किया है। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है।जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर बीटा-2 के एक घर में सोमवार शाम दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत आई। पेयजल में बदबू आ रही थी। इसकी शिकायत सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से प्राधिकरण के संबंधित विभाग के अधिकारी से की गई। हालांकि, पेयजल साफ आ रहा है। सेक्टर बीटा-2 के मकान संख्या जी-283 में रहने वाले गिरीश जिंदल ने बताया कि उनके घर में गंदा पानी आ रहा है। शाम को कुल्ला करते समय बदबू के कारण उल्टी होने लगी। गिरीश जिंदल के मुताबिक पेयजल देखने में तो साफ था। घर में सॉफ्टनर लगा रखा है। इसके बाद भी बदबू आ रही थी।वहीं, इस मामले में प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक जल विभाग विनोद कुमार शर्मा का कहना है कि मामले की जांच कर समस्या का समाधान किया जाएगा। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आपूर्ति किए जा रहे पेयजल में बदबू क्यों आ रही है।

### ठंड से राहत पर प्रदूषण से सांसों पर संकट

**नोएडा।** तापमान में बढ़ोतरी से शहरवासियों को ठंड से राहत मिली। सोमवार को न्यूनतम तापमान 11 और अधिकतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, प्रदूषण से लोगों की सांसों पर संकट खड़ा हो गया। नोएडा का एक्यूआई गंभीर और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। कई दिनों तक लोगों को सर्दी के साथ पड़ रही गलन ने परेशान कर रखा था। पूरे दिन शीत लहर चलती रहती थी। हालांकि, अब दिन में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने से कुछ राहत मिल रही है। रविवार की तरह सोमवार दोपहर में भी खिली तेज धूप से लोगों को राहत मिली।लोग धूप सेकने के लिए घरों से बाहर निकले। हालांकि, दिन ढलते ही सर्दी ने असर दिखाना शुरू कर दिया। 19 दिसंबर को अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि बीते रविवार को न्यूनतम तापमान 10 और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### जिले में अत्याधुनिक साइबर थाना बनना शुरू

**नोएडा।** तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-20 पॉकेट-सी (थाना रबूपुरा क्षेत्र) में एक नवीन एवं अत्याधुनिक साइबर थाना भवन के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है और इसके लिए निर्माण कार्यदायी संस्था ने साइट पर काम शुरू कर दिया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि करीब 3500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनने वाले इस साइबर थाना भवन पर लगभग तीन करोड़ 30 लाख 26 हजार रुपये की अनुमानित लागत आएगी। भवन को आधुनिक तकनीकी मानकों, साइबर जांच की आवश्यकताओं और भविष्य की डिजिटल चुनौतियों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है।यह साइबर थाना न केवल अपराधों की जांच को गति देगा, बल्कि पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### ग्रेनो के कई सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति बढ़ेगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अल्फा, बीटा,गामा और डेल्टा समेत 15 सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति बढ़ेगी। इस समय 60 फीसदी गंगाजल और 40 फीसदी भूजल की आपूर्ति की जा रही है। पहले इन सेक्टरों के घरों में गंगाजल आंशिक मात्रा में पहुंच रहा था। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सोमवार को किसी सेक्टर से दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत नहीं मिली, फिर भी एहतियात के तौर पर पेयजल पाइप लाइन में लीकेज की समस्या का तुरंत समाधान किया जा रहा है।नलकूपों पर पेयजल का क्लोरीनेशन मानक के अनुसार हो रहा है या नहीं इसकी भी निगरानी की जा रही है। जिम्मेदारी तय कर दी गई है। इस बीच प्राधिकरण के जल विभाग के अधिकारियों का दावा है कि शहर के सबसे पुराने और अधिक बसावट वाले सेक्टरों अल्फा-1,2, बीटा-1,2, गामा-1,2, डेल्टा-1,2,3, ओमिक्रोन-1,2,3 और ईटा आदि में गंगाजल आपूर्ति बढ़ाकर 60 फीसदी कर दी गई है। आने वाले दिनों में इसे और अधिक बढ़ाई जाएगी।

# पूरनपुर के रघुनाथपुर में प्रतिबंधित पशु का कटान, पकड़ा गया आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार

## लापरवाही पर हल्का दरोगा और डायल 112 का सिपाही निलंबित, पशु तस्करों की तलाश में जुटी पुलिस

पीलीभीत। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में रविवार देर रात प्रतिबंधित पशु कटान की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों और हिंदू संगठनों की सक्रियता के बावजूद एक आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। मामले में गंभीर लापरवाही सामने आने पर हल्का दरोगा और डायल 112 पर तैनात एक सिपाही को निलंबित कर दिया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, रविवार रात करीब सवा 12 बजे गांव के बाहर एक बाग में पशु तस्कर प्रतिबंधित पशु का कटान कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और हिंदू संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए।

वहां दो से तीन आरोपी पन्नियों में मांस भरते हुए नजर आए, जबकि प्रतिबंधित पशु के अवशेष मौके पर पड़े थे।



### ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया

घटना के बाद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए एक आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया और सूचना देकर डायल 112 पुलिस टीम को मौके पर बुलाया। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया था, लेकिन बाद में वह पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हो गया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश फैल गया।

### बजरंग दल ने दी तहरीर, आरोपी का नाम भी शामिल

भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने पूरनपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है। तहरीर में बताया गया कि पशु कटान की सूचना मिलने पर वह संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने बाग में कुछ लोगों को पन्नियों में मांस भरते हुए देखा। तहरीर में एक आरोपी का नाम भी दर्ज कराया गया है, साथ ही आरोपी के फरार होने का जिक्र किया गया है।

### एएसपी ने किया निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच में लापरवाही सामने आने पर हल्का दरोगा और डायल 112 पर तैनात एक सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। एएसपी ने बताया कि पशु कटान की घटना की गहन जांच कराई जा रही है और पशु तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं।

# पुलिसकर्मियों ने बच्चों को दी गुड व बैड टच की जानकारी



**ललितपुर।** आपरेशन रक्षा विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक जनपद ललितपुर के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी कालू सिंह के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी महोदय यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में थाना ए0एच0टी0 जनपद से उ. नि. मंसूर अंसारी, म0का0 कल्पना बाजपेयी, स्छ्वक्क से म0का0 अंजू यादव, बाल कल्याण समिति से रवि नारायण चौबे, जिला प्रोबेशन से जयराम, चाइल्ड लाइन से शिवम शुक्ला की संयुक्त टीम द्वारा जनपद ललितपुर क्षेत्र में ब्यापक रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं पुरुषो एवं बच्चो को बाल विवाह, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन, बंधुआ मजदूरी तथा आपरेशन रक्षा अभियान, मानव तस्करी रोकथाम के सबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया । जिसमें वहाँ पर उपस्थित लोगो को शासन एंव प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर- 1090, 1098, 108, 102, 112, 1076, 1930 व 181 आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी ।

## शार्ट न्यूज

### एलडीए का अवैध प्लाटिंग पर एक्शन

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को काकोरी इलाके में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने करीब 60 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही 6 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला दिया। यह कार्रवाई काकोरी के ग्राम-बेहटा में की गई। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि श्रीलाल गौतम, मंसूर, पुतान सिंह, रिजवान, विनोद सिंह, रवि यादव द्वारा बिना मानचित्र पास करवाए प्लाटिंग की जा रही थी। एलडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाई गई सड़कें, नालियां, बाउंड्रीवॉल, साइट ऑफिस और एंट्री गेट को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। एलडीए अधिकारियों का कहना है कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और बिना स्वीकृति के किसी भी तरह का निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम लोगों से अपील की गई है कि प्लॉट खरीदने से पहले एलडीए से उसकी वैधता की जांच जरूर करें।

### देवरिया में होमगार्ड ने किशोरी से दुष्कर्म किया

**देवरिया।** देवरिया में एक होमगार्ड ने किशोरी से दुष्कर्म किया। आरोपी होमगार्ड शंभू पासवान, जो यूपी 112 में चालक के पद पर तैनात था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 29 दिसंबर की है। महुआडीह थाना क्षेत्र के मोहन पट्टी निवासी शंभू पासवान करीब 10 साल पहले होमगार्ड में भर्ती हुआ था। उस दिन एक किशोरी अवरही मोड़ पर एक गांव जाने के लिए खड़ी थी। आरोपी होमगार्ड अपनी कार में आया और खुद को होमगार्ड बताकर किशोरी को लिफ्ट देने का बहाना बनाया। किशोरी उसके झांसे में आकर कार में बैठ गई। इसके बाद आरोपी उसे तरकुलवा स्थित एक कमरे में ले गया। वहां उसने किशोरी को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी उसे देवरिया रेलवे स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गया। परिजनों ने किशोरी के अपहरण की तहरीर महुआडीह थाने में दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। 31 दिसंबर को किशोरी वाराणसी रेलवे स्टेशन पर मिली। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया और उसका बयान दर्ज किया, जिसमें आरोपी शंभू पासवान का नाम सामने आया।

### भाजपा नेता ने टीचर पत्नी को गला रेतकर मार दिया

**अम्बेडकरनगर।** अंबेडकरनगर में भाजपा नेता ने अवैध संबंध के शक में पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। महिला का खून से लथपथ शव किचन में मिला। वारदात के समय वह घर पर अकेली थी। सास जब घर लौटीं, तो उन्हें घटना का पता चला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। पति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पति उमाशंकर सिंह भाजपा का नगर मीडिया प्रभारी है। जबकि पत्नी प्राइवेट स्कूल में टीचर थी। मामला अकबरपुर थाना क्षेत्र के गांधी आश्रम का है। एसओ श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी की हत्या कर दी है। कहता था- दोनों बच्चे मेरे नहीं हैं। भीटी थाना क्षेत्र के मदार भारी गांव निवासी वृषभान सिंह अपने परिवार के साथ अकबरपुर गांधी आश्रम में रहते हैं। वृषभान सिंह अकबरपुर गांधी आश्रम में रंगाई विभाग में मैनेजर थे। वह 2014 में रिटायर हो गए, लेकिन गांधी आश्रम के ही आवास में परिवार के साथ रहते थे। उनके साथ उनका बेटा उमाशंकर सिंह अपनी पत्नी सोनी सिंह (33) के साथ रहता था।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में डिलीवरी ब्वाय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव पेड़ से लटकता देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शव की पहचान के लिए टीम लगा दी गई है। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित कनक सिटी क्रिकेट ग्राउंड के पास सड़क किनारे लगे एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर ठाकुर गंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया और आसपास मौजूद लोगों व क्षेत्रीय निवासियों से पूछताछ की लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। सोमवार सुबह मछरेटा सीतापुर निवासी विपिन मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा थाने पहुंचकर चचेरे भाई की गुमशुदा होने की सूचना दी। इस पर मॉर्च्युरी लाकर शिनाख्त कराई तो विपिन ने मृतक की पहचान अपने चचेरे भाई कुलदीप मिश्रा (20) पुत्र नरेंद्र मिश्रा के रूप में की। विपिन ने बताया कि कुलदीप मिश्रा ठाकुरगंज के जयराम नगर में अपने जीजा ज्ञानेन्द्र शुक्ला के मकान में रह रहा था और ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता था।

### ललितपुर में एयरफोर्स जवान की हादसे में मौत

**ललितपुर।** ललितपुर में तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एयरफोर्स के जवान की मौत हो गई। साथी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। दोनों को सीएचसी अस्पताल पहुंचाया गया। घायल का इलाज जारी है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी। घटना सोमवार करीब 5: 30 बजे की है। तालबेहट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पवा गांव के पास हाईवे 44 पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गिर गई। बाइक चला रहे पुष्कर मिश्रा, जो एयरफोर्स में कार्यरत थे, और उनके साथी जितेंद्र कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने पुष्कर मिश्रा (40) (पुत्र शिवगनेश मिश्रा) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल जितेंद्र कुशवाहा (पुत्र अशोक, उम्र 42 वर्ष, निवासी झरोली, थाना बर्रा, जिला कानपुर) को प्राथमिक उपचार दिया गया है।

### सरेंडर करने के दौरान कोर्ट में बनाई रील

**बरेली।** बरेली के चर्चित राजेंद्र नगर स्थित द डेन कैफे कांड के मुख्य आरोपी ऋषभ ठाकुर ने शनिवार को जनपद न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस को चकमा देकर कोर्ट पहुंचे आरोपी के चेहरे पर न तो कानून का खौफ दिखा और न ही किए का कोई पछतावा। शनिवार को न्यायालय परिसर में जो दृश्य सामने आया, उसने न सिर्फ पुलिस की कार्यप्रणाली बल्कि अदालत की मर्यादा और सुरक्षा व्यवस्था पर भी गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस परिसर में मोबाइल फोन और वीडियो रिकॉर्डिंग सख्त प्रतिबंधित है, वहां आरोपी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करना न्यायिक अनुशासन को सीधी चुनौती देता नजर आया। कोर्ट नंबर 05 में सरेंडर करने पहुँचा ऋषभ ठाकुर पूरी तरह बेखौफ नजर आ रहा था। अदालत की सीढ़ियां चढ़ते और कटघरे में खड़े होकर साथियों के साथ ठहाके लगाते हुए उसका वीडियो वायरल होने से न्याय की उम्मीद लगाए बैठी पीड़िता के जख्मों को और गहरा कर दिया है।

# एसआईआर में बीएलओ व सुपरवाईजरों को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित हुई कार्यशाला

## फार्म 6, 7 व 8 को भरने के सम्बंध में पीपीटी के माध्यम से दी गई बारीक जानकारी

**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशानुसार सोमवार को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत बीएलओ व सुपरवाईजरों को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु वृहद कार्यशाला का आयोजन कल्याण सिंह सभागार में किया गया।कार्यशाला के दौरान विधानसभा ललितपुर व महरौनी के समस्त बीएलओ व सुपरवाईजरों ने प्रतिभाग किया। यहां पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने एसआईआर के अंतर्गत एएसडी मतदाताओं की मैपिंग में आ रही समस्याओं के समाधान पर विस्तृत जानकारी दी। इसके फार्म 6, 7 व 8 के सम्बंध में बिंदुवार फार्म भरने



की प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से समझाया गया। बताया गया कि जो मतदाता एसआईआर के प्रथम चरण में छूट गए हैं, उनकी मैपिंग के लिए गांव-गांव में अभियान चल रहा है, जिसमें ऐसे पात्र मतदाताओं का फार्म 6 भरवाया जा रहा है। इस सम्बंध में निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी वैद्य मतदाता छूटने न पाये, इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर अभियान चलाकर भ्रान्तियों को दूर किया जाए। इसके साथ ही नौ मैपिंग मतदाताओं को नोटिस प्राप्त कराकर मौके पर ही उनसे सम्बंधित दस्तावेज प्राप्त करें और उनका फार्म भरवाएं, मतदाताओं को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि इस कार्यवाही से उन्हें किसी भी प्रकार की जानी होने की संभावना है।

# जांच करने पहुंचे दरोगा पर प्रधान के पति का हमला, घायल होकर अस्पताल में भर्ती

## घटना के बाद सीओ बीसलपुर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं, जांच शुरू

**पीलीभीत।** दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुड़िया भगवंतपुर में जांच के लिए पहुंचे हल्का दरोगा पर ग्राम प्रधान के पति द्वारा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाद के दौरान प्रधान के पति ने दरोगा के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गए।

घायल दरोगा को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दियोरिया कोतवाली में तैनात हल्का दरोगा अखिलेश चौहान किसी मामले की जांच के सिलसिले में मुड़िया भगवंतपुर गांव पहुंचे थे। जांच के दौरान प्रधान के पति विमल मिश्रा से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि दरोगा द्वारा विवेचना से संबंधित एक व्यक्ति का प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रधान के पति आगबबूला हो गए और उन्होंने दरोगा पर हमला कर दिया। मारपीट में दरोगा को चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलते ही दियोरिया कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई। साथ ही क्षेत्राधिकारी बीसलपुर प्रगति सिंह चौहान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली और पूरे मामले की पड़ताल की।

घायल दरोगा को तुरंत दियोरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दरोगा की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

इस संबंध में एसपी (डीआईजी) अभिषेक यादव ने बताया कि घटना गंभीर है और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। घटना में शामिल सभी लोगों की पहचान की जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया है। घटना को लेकर ग्रामीणों में भी चर्चा बनी हुई है।

# जनपद के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के निर्देश

## एनएच 44 पर कैलगुवा मार्ग ऑवरब्रिज के संचालन के दृष्टिगत रामनगर चौराहे पर दुर्घटनाओं के न्यूनीकरण हेतु विकल्प तलाशने के दिये निर्देश

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा अभियान के सफल क्रियान्वयन व इसके लिए विभागों द्वारा की जा रही गतिविधियों की समीक्षा हेतु बैठक की।

बैठक में एनएच 44 पर कैलगुवा मार्ग पर ऑवरब्रिज के संचालन होने से रामनगर चौराहे पर दुर्घटनाएं बड़ने की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने वाहनों की सुरक्षा व सुमग यातायात को लेकर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 के साथ अधिशासी अभियंता लोक निर्माण



विभाग, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व एनएचएआई के अधिकारियों को रामनगर चौराहे पर जाकर दुर्घटनाओं के न्यूनीकरण हेतु विकल्प तलाशने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने अमझरा घाटी मंदिर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु गंभीरता दिखाते हुए उप जिलाधिकारी पाली, क्षेत्राधिकारी, लोक निर्माण विभाग व एनएचएआई के अधिकारी 21 जनवरी को संयुक्त रुप से मौके पर निरीक्षण कर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करायें। साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि भव्य प्रवेश द्वार बनवाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गए कि जनपद के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए ब्लैक स्पोट, होट स्पोट एवं कर्व वर रिफ्लेक्टिव टेप, पेड़ों पर जीआई रिफ्लेक्टिव शीट, आवश्यकतानुसार टी जक्शंक पर ब्रेकर, टेबल टॉप बनवाये जायें तथा डिवाइडर पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जाने के निर्देश दिये।

# फर्रुखाबाद में कोल्ड स्टोर से अमोनिया गैस रिसाव

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद में इटावा-बरेली हाईवे पर स्थित एक कोल्ड स्टोर में सोमवार देर शाम अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। यह घटना पापियापुर गांव के पास हुई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

जानकारी के अनुसार, कोल्ड स्टोर में सिलेंडर भरते समय गैस का रिसाव हुआ। आसपास के ग्रामीणों को बदबू महसूस हुई, जिसके बाद उन्होंने तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कोल्ड स्टोर परिसर के अंदर और बाहर पानी का छिड़काव कराया, जिससे गैस का प्रभाव कम हो सके। इस दौरान टीम ने वाहन की जांच-पड़ताल भी की।

एफएसओ आशीष वर्मा भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सिलेंडर भरने के दौरान गैस का रिसाव हुआ था।

टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी का छिड़काव कराया है और अब स्थिति सामान्य है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक



**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 19.01.2026 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई।


मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

112 आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने नियम के प्रति किया जागरूक

**ललितपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा एक सघन अभियान चलाया जा रहा है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया गया। अभियान के



दौरान विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर जागरूकता प्रदान की गई। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने के नियम का पालन रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने एवं निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाने की अपील कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें। वाहन चलाते समय हेडलाइट, फॉग लाइट एवं रिफ्लेक्टर का सही प्रयोग करें, हाई बीम का अनावश्यक उपयोग न करें तथा दृश्यता कम होने पर सावधानीपूर्वक वाहन संचालित करें। ड्रिंक एंड ड्राइव के संबंध में विशेष अपील = यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यह भी जागरूक किया जा रहा है कि नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है, जिससे न केवल चालक बल्कि अन्य राहगीरों के जीवन को भी खतरा उत्पन्न होता है।

नशे में वाहन चलाने पर कानून के तहत कठोर दण्डात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। अतः सभी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि नशे की स्थिति में वाहन बिल्कुल न चलाएं। यातायात पुलिस ललितपुर आमजन से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें तथा दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।

# भाजपा के पूर्व विधायक ने कुमार विश्वास के पैर धोए

**अयोध्या।** कवि कुमार विश्वास सोमवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला दर्शन किए। करीब 20 मिनट तक राम मंदिर की भव्यता को निहारते रहे। ट्रस्ट ने अंगवस्त्र और प्रसाद देकर उनका स्वागत किया। यहां एक होटल में भाजपा के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने कुमार विश्वास के पैर धोए। माथे पर तिलक लगाया। फूलों की बारिश की और आरती उतारी। कुमार विश्वास ने अयोध्या की बदलती तस्वीर पर खुशी जताई। 23 जनवरी को राहुल गांधी अयोध्या आने वाले हैं, इस पर कुमार विश्वास ने कहा- यह भगवान का फैसला है कि कब, किसको अपने द्वार पर बुला लें। सभी का स्वागत है। उन्होंने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का नाम लिए बगैर कहा- प्रयागराज माघ मेला से स्नान करके अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं।

# प्रो. भगवत नारायण शर्मा के निधन पर प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

**ललितपुर।** प्रेस क्लब द्वारा एक शोक सभा का आयोजन अमर शहीद पं. गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में सोमवार की दोपहर में किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा के चचेरे भाई, प्रेस क्लब के पूर्व कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा के ताऊ जी एवं बुन्देलखण्ड विकास सेना के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा के पिता जी एवं नेमवि के पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से



प्रार्थना की गई। इसके बाद प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिवार को शोक पत्र सौंपा। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि प्रो. भगवत नारायण शर्मा बहुआयामी प्रतिभा धनी थे। शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज हमने शर्मा जी के रूप में एक प्रभावशाली व्यक्तित्व को खो दिया है। जिसकी क्षतिपूर्ति होना संभव नहीं है।

इस मौके पर सरंक्षक संतोष शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली, महामंत्री अमित सोनी, अजय बरया, विनीत चतुर्वेदी, रवि जैन चुनगी, अनूप राठौर, अभय श्रीमाली, शिब्बू राठौर, मनीष सोनी, अजितेश जैन भारती, अमित संज्ञा, रमेश रैकवार, संजय नायक, मनीष पाठक, कुन्दन पाल, अबरार अली, स्वतंत्र रिछारिया, विकास सोनी, दिव्यांश शर्मा, आशीष तिवारी, प्रदीप रिछारिया, आलोक चतुर्वेदी, सुमित रैकवार, राहुल साहू खिरिया, अनुराग बिदुआ, कृष्णकांत सोनी, यशपाल सिंह सहित अनेक प्रेस क्लब सदस्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन : चीन की नई दूतावास योजना के विरोध में प्रदर्शन

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में चीन के नए बड़े दूतावास की योजना के विरोध में प्रदर्शन हुआ। मुख्य विपक्षी नेता केमी बेडेनोच ने सरकार से इसे रोकने को कहा। उन्होंने कहा कि चीन ने ब्रिटिश नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार किया। प्रदर्शनकारियों ने 'नो चाइना मेगा एंबेसी' के नारे लगाए। सरकार को फैसला करना है कि दूतावास बनेगा या नहीं। विपक्षी नेताओं का कहना है कि यह दूतावास जासूसी और निर्वासित चीन विरोधियों पर निगरानी के लिए इस्तेमाल हो सकता है। सुरक्षा एजेंसियों ने योजना को कम जोखिम मानते हुए मंजूरी दी।

### सऊदी अरब में मनाया गया पूर्व सैनिक दिवस, दी श्रद्धांजलि

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया। इस मौके पर पूर्व सैनिकों को उनकी निःस्वार्थ सेवा, बलिदान और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सऊदी में भारतीय राजदूत सुहेल एजाज खान ने संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारतीय टुकड़ियों के अंतरराष्ट्रीय योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित पूर्व सैनिक और उनके परिवार के सदस्य, भारतीय समुदाय के सदस्य, रियाद के भारतीय स्कूलों के छात्र और दूतावास के अधिकारी शामिल हुए।

### युगांडा पुलिस ने विपक्षी नेता वाइन की गिरफ्तारी का किया खंडन

**कंपाला, एजेंसी।** युगांडा पुलिस ने उन रिपोर्ट्स का खंडन किया, जिनमें कहा गया कि बृहस्पतिवार को हुए तनावपूर्ण चुनाव के दौरान मुख्य विपक्षी उम्मीदवार बॉबी वाइन को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इन रिपोर्ट्स को फर्जी और भड़काऊ करार दिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। युगांडा में 81 वर्षीय राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी सातवें कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। शुरुआती नतीजों में 70 फीसदी से ज्यादा समर्थन के साथ आगे चल रहे हैं।

### सर्बिया : भ्रष्टाचार के खिलाफ छात्रों का आंदोलन

**नॉवी साड, एजेंसी।** सर्बिया में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर एकत्र हुए। विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रपति अलेक्जांदर वुचिक के खिलाफ अपनी अपने आंदोलन का नया चरण शुरू किया। पिछले एक साल से जारी प्रदर्शन ने उनके सत्तावादी शासन को हिलाकर रख दिया है। नॉवी साड शहर में प्रदर्शनकारियों ने 'चोर' के नारे लगाए और कहा कि सरकार में बहुत भ्रष्टाचार है। उनका कहना था कि इसी भ्रष्टाचार की वजह से नवंबर 2024 में ट्रेन स्टेशन पर हादसा हुआ, जिसमें 16 लोग मरे। इस हादसे के कारण पूरे देश से सरकार बदलने की मांग तेज हुई। राष्ट्रपति वुचिक ने छात्रों की मांग के बावजूद जल्दी चुनाव कराने से इनकार किया। कई लोग गिरफ्तार हुए, कई लोगों को नौकरी खोना पड़ी और सरकार का विरोध करने पर दबाव झेलना पड़ा। छात्रों ने कहा कि अब वे सरकार को समाधान देंगे।

### ईरान : तुर्किये की सीमा पार कर इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे लोग

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में आठ जनवरी से इंटरनेट पर पाबंदी है। लोग तुर्किये की सीमा पार कर इंटरनेट इस्तेमाल कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन अब थम गए हैं, लेकिन इंटरनेट न होने से लोगों को काम करने में मुश्किल हो रही है। ईरानी बिना वीजा तुर्किये जा सकते हैं। कुछ लोग छोटे सफर कर इंटरनेट इस्तेमाल कर रहे हैं। कुछ लोग ईरान से तुर्की सामान बेचकर पैसे जुटाते हैं। सामी नाम के एक व्यक्ति ने कहा कि उनका काम ई-कॉमर्स पर है, इसलिए उन्हें इंटरनेट के लिए तुर्किये आना पड़ता है। एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि उन्हें परिवार और नौकरी के लिए वापस ईरान लौटना पड़ता है। 28 दिसंबर से शुरू हुए विरोध में कम से कम 3,095 लोग मारे गए। कुछ लोग विरोध प्रदर्शनों से खुद से अलग मानते हैं और इन्हें अमेरिका-इस्राइल की साजिश की बातें मानते हैं।

### नेपाल : सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में देउबा गुट, चुनाव आयोग के फैसले पर नाराजगी

काठमांडो, एजेंसी। नेपाली कांग्रेस का शेरबहादुर देउबा गुट पार्टी की आधिकारिकता से जुड़े निर्वाचन आयोग के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रहा है। देउबा गुट ने आयोग के फैसले को पार्टी विधान और संविधान के खिलाफ बताते हुए उसके विरुद्ध कानूनी, सांविधानिक और राजनीतिक स्तर पर कदम उठाने का फैसला किया है। कांग्रेस पार्टी कार्यालय सानेपा में पूर्व सभापति शेर बहादुर देउबा पक्ष की नेता सहभागी बैठक के बाद यह एलान किया गया। बैठक में पूर्व सभापति शेरबहादुर देउबा पक्ष के नेता शामिल हुए।

# इंडोनेशिया में 11 लोगों को ले जा रहा विमान लापता

## पहाड़ी इलाके में रडार से गायब, सर्च ऑपरेशन जारी, सरकार से जुड़े लोग सवार थे



**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया में 11 लोगों को ले जा रहा एक यात्री विमान शनिवार को रडार से गायब हो गया। विमान जावा द्वीप से सुलावेसी द्वीप की ओर जा रहा था और पहाड़ी इलाके में पहुंचते ही ग्राउंड कंट्रोल से उसका संपर्क टूट गया। अधिकारियों के मुताबिक, विमान में 8 क्रू मेंबर और 3 यात्री सवार थे। इसके बाद सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। अभी किसी के जीवित या मृत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हादसे के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंडोनेशियाई सरकार में मंत्री ने कहा कि विमान में समुद्री मामलों और मत्स्य पालन मंत्रालय के तीन कर्मचारी सवार थे। वे इलाके में संसाधनों की हवाई निगरानी के मिशन पर थे। लापता हुआ टर्बोप्रॉप एटीआर42-500 विमान इंडोनेशिया एयर ट्रांसपोर्ट का था। यह विमान योग्याकार्ता से दक्षिण सुलावेसी की राजधानी की ओर जा रहा था। परिवहन मंत्रालय की प्रवक्ता एंडाह पुर्नामा सारी के मुताबिक, विमान दोपहर 1:17 बजे (05:17 जीएमटी) मारोस जिले के लेआंग-लेआंग इलाके में आखिरी बार रडार पर देखा गया। सारी ने बताया कि लैंडिंग से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को अप्रोच एलाइनमेंट ठीक करने के निर्देश दिए थे। इसके तुरंत बाद रेडियो संपर्क टूट गया। इसके बाद कंट्रोल टावर ने इमरजेंसी डिस्टेस फेज घोषित किया और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।

**सर्च ऑपरेशन के लिए सेना-ड्रोन तैनात :** विमान जिस इलाके में लापता हुआ, वह पहाड़ी और घने जंगलों वाला क्षेत्र है। यहां पहुंचना रेस्क्यू टीमों के लिए बड़ी चुनौती है। सर्च ऑपरेशन के लिए एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर, ड्रोन और ग्राउंड यूनिट्स को लगाया गया है। दक्षिण सुलावेसी के हसनुद्दीन मिलिट्री कमांडर मेजर जनरल बांगुन नवोको ने इसकी पुष्टि की। इस बीच माउंट बुलुसराउंग इलाके में ट्रैकिंग कर रहे कुछ हाइकर्स ने पहाड़ पर बिखरा मलबा, विमान जैसा लोगो और आग जलने की सूचना दी है। मेजर जनरल नवोको के मुताबिक, इन सूचनाओं की पुष्टि के लिए रेस्क्यू टीमें मौके तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय इलाके में बादल थे, लेकिन विजिबिलिटी करीब 8 किलोमीटर थी। हालांकि, खड़ी पहाड़ियां और घना जंगल रेस्क्यू ऑपरेशन को मुश्किल बना रहे हैं।

**कौन थे विमान में सवार :** दक्षिण सुलावेसी के हसनुद्दीन सैन्य कमांडर मेजर जनरल बंगुन नावोको ने कहा कि इस बारे में सूचना अधिकारियों को दे दी गई है और बचाव दल उक्त क्षेत्र तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं और इसकी पुष्टि कर रहे हैं। सारी ने कहा कि एटीसी के अंतिम निर्देशों के बाद, रेडियो संपर्क टूट गया और नियंत्रकों ने आपातकालीन संकट की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि बचाव दल ने अपनी खोज उन पहाड़ों के आसपास केंद्रित की, जहां माना जाता है कि विमान सुल्तान हसनुद्दीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के अपने मार्ग से भटक गया था। उन्होंने बताया कि विमान में चालक दल के आठ सदस्य और समुद्री मामलों और मत्स्य मंत्रालय के तीन यात्री सवार थे।

**चूना-पत्थर की पहाड़ियों से घिरा है लेआंग-लेआंग इलाका :** लेआंग-लेआंग इलाका चूना-पत्थर की पहाड़ियां, गुफाएं और घने जंगल हैं। यह बंटिमुरुंग-बुलुसाराउंग नेशनल पार्क का हिस्सा माना जाता है। यह मुश्किल रास्तों से भरा इलाका है, जहां संकरी घाटियां और ऊंची चट्टानें हैं। इंडोनेशिया में सितंबर 2025 में भी 2 हादसे हुए थे एएफपी के मुताबिक, दक्षिण-पूर्व एशिया में मौजूद विशाल द्वीपसमूह इंडोनेशिया अपने सैंकड़ों द्वीपों को जोड़ने के लिए बड़े पैमाने पर हवाई परिवहन पर निर्भर है। हालांकि, देश का विमानन सुरक्षा रिकॉर्ड कमजोर रहा है और हाल के महीनों में कई हादसे हुए हैं। 1 सितंबर 2025 में, दक्षिण कालीमंतान राज्य से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक बीके117 डी3 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार सभी 8 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे के कुछ ही दिनों बाद 10 सितंबर 2025 को पापुआ के इलागा जिले में एक और यूरोकॉप्टर एएस350बी3+ हेलीकॉप्टर के क्रैश होने से 4 लोगों की मौत हो गई थी।

## इराक के ऐन अल-असद बेस से पूरी तरह हटी अमेरिकी सेना

**बगदाद, एजेंसी।** इराकी अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि अमेरिका ने पश्चिमी इराक में एक प्रमुख एयर बेस से अपनी सेना पूरी तरह हटा ली है। इराक सरकार के साथ समझौते के तहत सैनिकों की यह वापसी हुई। वॉशिंगटन और बगदाद ने 2024 में यह तय किया था कि अमेरिकी के नेतृत्व में बनाई गई सेना सितंबर 2025 तक चरणबद्ध तरीके से ऐन अल-असद बेस पीछे हट जाएगी। यह सेना आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) से खिलाफ जंग लड़ने के लिए तैयार की गई थी। समझौते के तहत अमेरिकी सैन्यकर्मियों को उन बेस से हटना था, जहां वह तैनात थे। अमेरिकी सैनिकों के जाने के बाद क्या हुआ अब एयर बेस से सभी अमेरिकी सैनिक और कर्मचारी वापस चले गए हैं। अमेरिकी सेना के पीछे हटने के बाद इराकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अब्दुल अमीर राशिद यारल्लाह ने बेस में सभी सैन्य इकाइयों को काम और जिम्मेदारियां सौंपीं। यारल्लाह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रयास तेज करें, संयुक्त कार्य में सुधार लाएं और बेस में तैनात इकाइयों के बीच तालमेल बढ़ाएं।

उन्होंने बेस की क्षमताओं और रणनीतिक स्थिति का पूरा उपयोग करने का भी आदेश दिया। इराकी रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने क्या जानकारी दी? रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि सभी अमेरिकी सैनिक बेस से चले गए हैं और उन्होंने सभी अमेरिकी उपकरण भी हटा लिए हैं। अधिकारी को सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने की अनुमति नहीं थी, जिस कारण नाम न छापने की शर्त पर उन्होंने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, अमेरिकी सेना अभी भी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र और पड़ोसी सीरिया में मौजूद है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी सैनिकों की वापसी देश में गैर-सरकारी सशस्त्र समूहों को हथियार जमा करने के मुद्दे में सरकार की स्थिति को मजबूत कर सकती है। कुछ समूह अब तक अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी का उपयोग अपने हथियार रखने का औचित्य साबित करने के लिए करते रहे हैं। अल-सुदानी ने जुलाई में एसोसिएटेड प्रेस को दिए इंटरव्यू में कहा था कि एक बार अमेरिकी सेना की वापसी हो जाने के बाद किसी भी समूह को राज्य के नियंत्रण के बाहर हथियार रखने की कोई आवश्यकता नहीं रहेगी।

## कराची के मॉल में लगी भीषण आग, हादसे में तीन लोगों की जलकर मौत; कई घायल

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में शनिवार देर रात एक शॉपिंग मॉल में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि शनिवार देर रात कराची के एमए जिन्ना रोड स्थित गुल प्लाजा शॉपिंग मॉल में भीषण आग लगने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक कराची के सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के कार्यकारी निदेशक डॉ. साबिर मेमन ने बताया कि तीन शव अस्पताल लाए गए थे। उन्होंने कहा कि तीनों ही लोग अस्पताल लाए जाने के समय मृत थे। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण के पुलिस उप महानिरीक्षक सैयद असद रजा ने कहा कि इस घटना में कम से कम सात अन्य लोग घायल हुए हैं।

**आग में कई लोगों के फंसे होने की आशंका :** बचाव दल के अधिकारियों ने बताया कि आग ऊंची व्यावसायिक इमारत के भूतल पर स्थित दुकानों में लगी, जबकि ऊपरी मंजिलों पर कई लोगों के फंसे होने की खबर है। बचाव दल के प्रवक्ता हसनुल हसीब खान ने बताया कि छह घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने आगे कहा कि आग बुझाने के अभियान में कई दमकल गाड़ियां लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। गार्डन सब-डिविजनल पुलिस अधिकारी मोहसिन रजा ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आग एक दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। जो बाद में पूरे शॉपिंग मॉल में फैल गई। उन्होंने बताया कि दमकल कर्मियों की सात गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और सिविल अस्पताल के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। सिंध के राज्यपाल कामरान टेसोरी ने घटना पर चिंता व्यक्त की और अपने कार्यालय से जारी एक बयान में संबंधित अधिकारियों को बचाव और राहत कार्यों में तत्काल तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने घटना और आग बुझाने के प्रयासों पर विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी और व्यापारियों एवं प्रभावित लोगों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## 'यूक्रेन और ग्रीनलैंड पर किसी भी धमकी से नहीं डरेंगे'; ट्रंप की 10% टैरिफ चेतावनी पर मैक्रों का जवाब



**पेरिस/ब्रुसेल्स, एजेंसी।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड को लेकर दी गई टैरिफ धमकियों पर सख्त प्रतिक्रिया दी है। मैक्रों ने साफ शब्दों में कहा कि यूक्रेन, ग्रीनलैंड या दुनिया के किसी भी हिस्से में किसी भी प्रकार की धमकी या दबाव फ्रांस को अपने सिद्धांतों से पीछे हटने पर मजबूर नहीं कर सकता।

**यूरोप की संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं होगा :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि यूरोप की संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं होगा और यदि टैरिफ लगाए जाते हैं तो यूरोपीय देश एकजुट और समन्वित जवाब देंगे। मैक्रों ने कहा कोई भी धमकी या डर हमें प्रभावित नहीं कर सकता न यूक्रेन में, न ग्रीनलैंड में और न ही दुनिया के किसी अन्य हिस्से में। टैरिफ की धमकियां पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फ्रांस का यूक्रेन को समर्थन और ग्रीनलैंड में डेनमार्क द्वारा आयोजित सैन्य अभ्यास में भागीदारी राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों पर आधारित है। मैक्रों के अनुसार, आर्कटिक क्षेत्र और यूरोप की सीमाओं की सुरक्षा फ्रांस के लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम है।

**अमेरिका की टैरिफ धमकी गलत- कीर स्टारमर :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका की ओर से यूरोपीय देशों पर नए टैरिफ लगाने की धमकी को पूरी तरह गलत बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, स्टारमर ने कहा कि नाटो सहयोगियों की सामूहिक सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर अपने ही सहयोगी देशों पर टैरिफ लगाना उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्रिटेन इस मुद्दे को सीधे अमेरिकी प्रशासन के साथ उठाएगा। साथ ही, स्टारमर ने दोहराया कि ब्रिटेन के अनुसार ग्रीनलैंड का भविष्य तय करने का अधिकार केवल डेनमार्क और ग्रीनलैंड के लोगों का है। ट्रंप की धमकी पर यूरोपीय संघ प्रमुख ने क्या कहा? इस बीच, यूरोपीय संघ ने भी अमेरिका की संभावित टैरिफ नीति को लेकर गहरी चिंता जताई है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने चेतावनी दी कि इस तरह के टैरिफ ट्रांस-अटलांटिक संबंधों को कमजोर कर सकते हैं और एक खतरनाक आर्थिक गिरावट को जन्म दे सकते हैं। उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के लोगों के साथ पूर्ण एकजुटता जताते हुए कहा कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता अंतरराष्ट्रीय कानून के मूल स्तंभ हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि ग्रीनलैंड में यूरोपीय देशों की सैन्य मौजूदगी पहले से नियोजित डेनिश अभ्यास का हिस्सा है और इससे किसी देश को कोई खतरा नहीं है। ईयू ने इस मुद्दे पर रविवार को आपात बैठक बुलाने का भी एलान किया है, जिसमें अमेरिका के प्रस्तावित टैरिफ पर सामूहिक रणनीति पर चर्चा होगी।

## मस्क के बच्चे की मां का ग्रोक से बनी तस्वीरों के विरुद्ध मुकदमा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** एलन मस्क के एक बच्चे की मां एशले सेंट क्लेयर (27) ने उनकी एआई कंपनी एक्सएआई पर मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कंपनी के ग्रोक चैटबॉट ने यूजरों को उनकी यौन शोषणकारी डीपफेक तस्वीरें बनाने की अनुमति दी, जिससे उन्हें अपमान और मानसिक पीड़ा हुई है। मुकदमे में आरोप लगाया गया कि इन तस्वीरों में उनकी 14 साल की उम्र की पूरी तरह से कपड़े पहनी हुई तस्वीर को संपादित कर उन्हें बिकिनी में दिखाया गया है। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में उन्हें वयस्क के रूप में यौनेत्तेजक मुद्राओं में और स्वास्तिक चिन्ह वाली बिकिनी पहने हुए दिखाया गया है। सेंट क्लेयर यहूदी हैं और राजनीति रणनीतिकार तथा लेखक हैं। ग्रोक मस्क के सोशल मीडिया मंच एक्स पर उपलब्ध है। एक्सएआई के वकीलों ने इस संबंध में तुरंत कोई जवाब नहीं दिया है। यह मुकदमा भी मस्क को झटका है। सेंट क्लेयर ने बताया कि पिछले साल जब ये डीपफेक तस्वीरें सामने आने लगीं तो उन्होंने ẍ प्लेटफॉर्म को इसकी सूचना दी और इन्हें हटाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म ने पहले जवाब दिया कि ये तस्वीरें उसकी नीतियों का उल्लंघन नहीं करतीं। फिर उसने वादा किया कि उसकी सहमति के बिना उसकी तस्वीरों का इस्तेमाल या उनमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। सेंट क्लेयर, मस्क के 16 महीने के बेटे रोमुलस की मां हैं। वह न्यूयॉर्क शहर में रहती हैं, जहां उन्होंने राज्य के सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। वह कथित मानसिक पीड़ा और अन्य दावों के लिए मुआवजे के तौर पर एक अज्ञात राशि की मांग कर रही हैं, साथ ही अदालत से यह आदेश देने की भी मांग कर रही हैं कि ẍढ़ को उनके और डीपफेक वीडियो बनाने से तुरंत रोका जाए। मस्क ने ओपनएआई और माइक्रोसॉफ्ट से मांगा 134 अरब डॉलर का हर्जाना संघीय कोर्ट में दायर एक याचिका के अनुसार, मस्क ओपनएआई और माइक्रोसॉफ्ट से 134 अरब डॉलर तक का हर्जाना मांग रहे हैं। उनका तर्क है कि एआई स्टार्टअप को उनके शुरुआती समर्थन से कंपनियों को जो गलत तरीके से लाभ मिला है। मस्क ने याचिका में कहा, 2015 से ओपनएआई के सह-संस्थापक के रूप में उनके योगदान से 65.5 अरब डॉलर से 109.4 अरब डॉलर का लाभ हुआ जबकि माइक्रोसॉफ्ट को 13.3 अरब डॉलर से 25.1 अरब डॉलर का लाभ हुआ।

## ग्रीनलैंड में प्रधानमंत्री की अगुवाई में ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग



**नुउक, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने के बयानों के खिलाफ ग्रीनलैंड में बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ है. शनिवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारी राजधानी नूक की सड़कों पर उतरे और अमेरिका के संभावित कब्जे के दावों के खिलाफ आवाज बुलंद की. प्रदर्शनकारियों की अगुवाई खुद ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने की. हाथों में झंडे और बैनर लेकर लोग अमेरिकी कॉन्सुलेट की ओर मार्च करते नजर आए. प्रदर्शन के दौरान साफ संदेश दिया गया कि ग्रीनलैंड को अपने भविष्य का फैसला खुद करने दिया जाए. प्रदर्शनकारी उस नए निर्माणाधीन ब्लॉक के पास से गुजरे, जहां अमेरिका अपने कॉन्सुलेट को शिफ्ट करने की योजना बना रहा है. फिलहाल, अमेरिकी कॉन्सुलेट एक लाल रंग की लकड़ी की इमारत में चलता है, जहां सिर्फ चार कर्मचारी तैनात हैं. ट्रंप का दावा- अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम है ग्रीनलैंड राष्ट्रपति ट्रंप लगातार यह कहते रहे हैं कि ग्रीनलैंड की रणनीतिक स्थिति और वहां मौजूद बड़े खनिज भंडार अमेरिका की सुरक्षा के लिए बेहद अहम हैं. ट्रंप यह भी कह चुके हैं कि ग्रीनलैंड पर नियंत्रण पाने के लिए बल प्रयोग से भी इनकार नहीं किया जा सकता. इसी सप्ताह डेनमार्क के अनुरोध पर यूरोपीय देशों ने ग्रीनलैंड में सैन्य कर्मियों की तैनाती की है, जिससे हालात और संवेदनशील हो गए हैं. नाटो सहयोगियों के बीच राजनयिक संकट ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप के बार-बार दिए गए बयानों ने अमेरिका और डेनमार्क के बीच राजनयिक संकट पैदा कर दिया है. दोनों देश नाटो के संस्थापक सदस्य हैं. ट्रंप के बयानों की यूरोप में तीखी आलोचना हो रही है. ग्रीनलैंड की आबादी करीब 57 हजार है. यह इलाका सदियों तक कोपेनहेगन से शासित रहा है. वर्ष 1979 के बाद से ग्रीनलैंड को काफी हद तक स्वायत्तता मिली है, लेकिन यह अब भी डेनमार्क का हिस्सा है. रक्षा और विदेश नीति डेनमार्क के पास है और प्रशासन का बड़ा खर्च भी वही उठाता है. ट्रंप के करीबी स्टीफन मिलर का तीखा बयान इस विवाद को और हवा तब मिली जब व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ (पॉलिसी) स्टीफन मिलर ने ट्रंप के दावे को दोहराते हुए कहा कि डेनमार्क ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकता. फॉक्स न्यूज के कार्यक्रम हैनिटी में मिलर ने कहा, किसी इलाके पर नियंत्रण के लिए जरूरी है कि आप उसकी रक्षा कर सकें, उसे बेहतर बना सकें और वहां रह सकें. डेनमार्क इन तीनों ही कसौटियों पर फेल रहा है. डेनमार्क ने साफ किया है कि वह ग्रीनलैंड की सुरक्षा के लिए नाटो की ज्यादा स्थायी और मजबूत मौजूदगी की योजना पर आगे बढ़ रहा है।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध पड़ा महंगा, 8 देशों पर फूटा डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ बम



**वाशिंगटन, एजेंसी।** ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की योजना पर डोनाल्ड ट्रंप का विरोध करने वाले 8 देशों पर अमेरिका ने 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूके, नीदरलैंड्स और फिनलैंड पर 10 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। अगर ग्रीनलैंड की खरीद वाली डील नहीं पूरी हो पाती है तो इस टैरिफ को बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया जाएगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के बीच कांग्रेस के एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को डेनमार्क और ग्रीनलैंड को अपने समर्थन का आश्वासन देने की कोशिश की। ट्रंप ने धमकी दी है कि आर्कटिक के रणनीतिक द्वीप पर अमेरिका के नियंत्रण का समर्थन नहीं करने पर कड़े शुल्क लगाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल के नेता और डेलावेयर से डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर मौजूदा बयानबाजी से डेनमार्क में चिंता का माहौल है। उन्होंने कहा कि वह हालात को शांत करना चाहते हैं।

कोपेनहेगन में कून्स ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि डेनमार्क के लोग अमेरिकी लोगों में अपना विश्वास नहीं छोड़ेंगे।' उन्होंने कहा कि अमेरिका डेनमार्क और नाटो के प्रति 'उन सभी कार्यों के लिए सम्मान रखता है जो हमने साथ मिलकर किए हैं।'

उनकी टिप्पणियां 'व्हाइट हाउस' से आ रही टिप्पणियों से बिल्कुल विपरीत हैं। ट्रंप ने बार-बार यह दावा करके अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर कब्ज़ा करने की अपनी मांगों को सही ठहराने की कोशिश की है कि चीन और रूस की ग्रीनलैंड पर नजर है, जहां महत्वपूर्ण खनिजों के विशाल अप्रयुक्त भंडार मौजूद हैं। 'व्हाइट हाउस' ने जबरन इस क्षेत्र पर कब्ज़ा करने की संभावना से इनकार नहीं किया है। कून्स ने कहा, ''ग्रीनलैंड को फिलहाल कोई सुरक्षा खतरा नहीं है।'' ट्रंप कई महीनों से इस बात पर जोर देते रहे हैं कि अमेरिका को ग्रीनलैंड पर नियंत्रण रखना चाहिए, जो नाटो सहयोगी डेनमार्क का एक अर्द्ध-स्वायत्त क्षेत्र है। उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि ग्रीनलैंड का अमेरिकी नियंत्रण में न होना 'अस्वीकार्य' होगा।

**'ग्रीनलैंड की सुरक्षा पश्चिम के लिए अहम' :** जॉन बोल्टन ने कहा है कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा पश्चिमी देशों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से न केवल अमेरिका बल्कि पूरे पश्चिम के लिए सुरक्षा और स्थिरता का केंद्र है। बोल्टन ने ट्रंप के हालिया बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिका के सहयोगियों पर टैरिफ की धमकियां देना, ग्रीनलैंड के बदले में, आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखना और भी कठिन बना देता है। उन्होंने कहा मैं लंबे समय से कहता आया हूं कि एक सुरक्षित ग्रीनलैंड निस्संदेह पश्चिम के लिए बेहद जरूरी है। लेकिन ट्रंप का हालिया विचित्र बयान, जिसमें ग्रीनलैंड के लिए सहयोगियों को टैरिफ की धमकी दी गई, आर्कटिक में स्थिरता और सुरक्षा की चुनौती को और बढ़ा देता है।

**ट्रंप ने ग्रीनलैंड विवाद पर यूरोप को 25% टैरिफ की धमकी दी :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड्स और फिनलैंड पर 1 फरवरी, 2026 से 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ग्रीनलैंड को लेकर कोई समझौता नहीं होता है, तो 1 जून, 2026 से यह टैरिफ बढ़ाकर 25% कर दिया जाएगा। ट्रंप ने लिखा कि अमेरिका ने दशकों तक डेनमार्क और यूरोपीय देशों को टैरिफ या किसी अतिरिक्त भुगतान के बिना सब्सिडी दी है और अब डेनमार्क को वापस देने का समय आ गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि चीन और रूस ग्रीनलैंड पर अपनी पकड़ बनाना चाहते हैं, जबकि डेनमार्क इस मुद्दे पर कुछ कर नहीं सकता। उनका कहना था कि ग्रीनलैंड में सुरक्षा के लिए केवल दो डॉगस्लेड उपलब्ध हैं, जिनमें से एक हाल ही में जोड़ा गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाना बेहद जरूरी है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
मंगलवार 20 जनवरी 2026
Www.vishalindia.in

# कोहली स्थिति के अनुसार खेलते हैं, युवा क्रिकेटर उनसे सबक लें : विराट की शानदार इनिंग पर बोले गावस्कर

**इंदौर (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली के बैटिंग टेम्परमेंट की तारीफ करते हुए कहा है कि स्टार बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक खेलने के बजाय स्थिति के अनुसार अपने खेल को बदलने की क्षमता रखते हैं।

इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे के बाद जियोस्टार पर बातचीत में गावस्कर ने कहा कि कोहली की मानसिकता उन्हें कई समकालीन खिलाड़ियों से अलग बनाती है। गावस्कर ने कहा, 'उनके बारे में खास बात यह है कि वह किसी इमेज से बंधे नहीं हैं। बहुत से बल्लेबाज और गेंदबाज इस बात से बंधे होते हैं कि उन्हें कैसे देखा जाता है और उन्हें लगता है कि उन्हें उस इमेज पर खरा उतरना होगा। विराट ऐसे नहीं हैं। वह अपने काम पर ध्यान देते हैं और वह काम रन बनाना है।'

गावस्कर ने कहा, 'वह इस बात की उम्मीदों से बंधे नहीं हैं कि उन्हें कैसे खेलना चाहिए। वह स्थिति के अनुसार खेलते हैं। यही टेम्परमेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह देखते हुए कि दबाव में भी हार न मानने का कोहली का रवैया उनका एक खास गुण है जो कि उन्हें अन्य से भिन्न बनाता है। कोहली पर यह टिप्पणी सीरीज के निर्णायक मैच में 108 गेंदों पर 124 रन की उनकी शानदार पारी के बाद आई है। न्यूजीलैंड ने यह मैच 41 रन से जीतकर ऐतिहासिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत ली जो कि 37 साल के इंतजार के बाद भारतीय धरती पर यह उनकी पहली सीरीज जीत थी।

उन्होंने कहा, 'आखिर तक भी वह कोशिश कर रहे थे। शायद दस्ताने थोड़े पसीने से गीले हो गए, ग्रिप थोड़ी ढीली हो गई, और इसीलिए बल्ले का मुंह घूम गया।' उन्होंने युवा क्रिकेटरों के लिए कोहली के इस रवैये को एक सबक के तौर पर भी बताया, और उनसे कहा कि वे पहले से बनी उम्मीदों के बजाय मैच की स्थितियों पर ध्यान दें।

गावस्कर ने ऑलराउंडर हर्षित राणा की निचले क्रम की बल्लेबाजी की भी तारीफ की और लक्ष्य का पीछा करने के अहम चरण में उनकी भूमिका की स्पष्टता की सराहना की। राणा ने 43 गेंदों पर 52 रन की जवाबी हमलावर पारी खेली और कोहली के साथ 99 रन की साझेदारी की, जिससे कुछ समय के लिए भारत की उम्मीदें फिर से जगीं।

गावस्कर ने कहा, 'उन्होंने बिल्कुल वैसे ही बल्लेबाजी की जैसे निचले क्रम के बल्लेबाज को करनी चाहिए, बिना किसी चिंता और बिना किसी उम्मीद के। उन्होंने कहा कि कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ी के साथ राणा का शांत स्वभाव खास तौर पर प्रभावशाली था।'



## नोवाक जोकोविच की ऑस्ट्रेलिया ओपन में 100वीं जीत, पेड्रो मार्टिनेज को हराया



**मेलबर्न (एजेंसी)।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को हराकर अपने करियर की 100वीं जीत दर्ज की। आज यहां पूर्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए मेलबर्न पार्क में अपनी 100वीं करियर जीत हासिल की। रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन जोकोविच की अब टूर्नामेंट में रोजर फेडरर के 102 मैच जीतने के ऑल-टाइम रिकॉर्ड को तोड़ने पर नजर हैं। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'मैं क्या कहूं। मुझे यह सुनकर अच्छा लगा। सेंचुरी बनाना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा मैं शुरू में बहुत भाग्यशाली था कि मुझे कुछ ऐसे लोग मिले जिन्होंने मुझे सिखाया और गाइड किया कि मैं अपने करियर में लंबी रेस का घोड़ा बनूं, जल्दी थक न जाऊं, और जितना हो सके उतना लंबा करियर बनाऊं। मैं खुशकिस्मत हूं कि मैं अभी भी इस स्तर पर खेल रहा हूं।' जोकोविच ने अब ऑस्ट्रेलियन ओपन, विंबलडन और रोलैंड गैरोस में 100 या उससे अधिक जीत दर्ज की हैं और वह तीन अलग-अलग बड़े टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। इस जीत के साथ ही जोकोविच अपने लगातार 19वें ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे राउंड में पहुंच गये है। जहां जोकोविच का मुकाबला 23 साल के इटैलियन क्वालिफायर फ्रांसेस्को मेस्ट्रेली से होगा। डेब्यू करने वाले खिलाड़ी ने टेरेंस एटमेन को 6-4, 3-6, 6-7(4), 6-1, 6-1 से हराकर किसी मेजर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में असफल रहे रोहित का शुभमन ने किया बचाव

**इंदौर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा है। इस सीरीज में भारतीय

टीम की हार का कारण सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा का असफल होना रहा है जिससे एक बार फिर उनके फार्म पर सवाल उठे हैं। रोहित सीरीज के तीनों ही मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये और केवल 61 रन ही बना पाये। तीसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम को तीन सौ से अधिक रनों का लक्ष्य मिला था पर रोहित केवल 11 रन ही बना पाये।

सीरीज में उनका सबसे अधिक स्कोर 26 रन रहा है। वहीं टीम के कप्तान शुभमन गिल ने रोहित का बचाव करते हुए कहा है कि वह इस सीरीज में अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाये और ऐसा होता रहता है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी। पिछले छह एकदिवसीय में उन्होंने चार बार 50 से ज्यादा रन बनाये थे पर इस बार वह इस लय को बनाये नहीं रख पाये। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में रोहित केवल 11 रन ही बना पाये। इस प्रकार तीन एकदिवसीय मैचों में वह 26, 24 और 11 रन ही बना पाये। इसी कारण भारतीय टीम बड़े स्कोर नहीं बना पायी ओर उसे हार का सामना करना पड़ा। शुभमन ने मैच के बाद कहा,



÷मुझे लगता है कि वह अच्छे फॉर्म में हैं, ऑस्ट्रेलिया सीरीज से लेकर दक्षिण अफ्रीका सीरीज तक उन्होंने रन बनाये हैं। इस सीरीज में वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाये पर मुझे लगता है कि उन्होंने पहले दो एकदिवसीय में टीम को अच्छी शुरुआत की थी। एक बल्लेबाज के तौर पर आप हमेशा चाहते हैं कि उन शुरुआतों को बड़े स्कोर में बदलें और शतक बनाएं हालांकि हर बार ऐसा संभव नहीं होता।'

## टी20 वर्ल्ड कप 2026 : बांग्लादेश के समर्थन में उतरा पाकिस्तान, उठाया बड़ा कदम

**मुम्बई (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टी20 विश्व कप में भारत से अपने मैच स्थानांतरित करने की मांग की है और ऐसा ना होने पर टी20 वर्ल्ड कप से हटने की अपनी धमकी भी दी है। इस पर अब ICC ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने अगले महीने भारत और श्रीलंका द्वारा आयोजित होने वाले इस इवेंट के लिए अपनी टीम की तैयारी रोक दी है।

टेलीकॉम एशिया ने PCB के टॉप सूत्रों के हवाले से बताया, 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने ICC टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले नेशनल टीम की सभी तैयारियां रोक दी हैं और टीम मैनेजमेंट को प्लान के बारे में जानकारी दी गई है।' शनिवार को ढाका और इस्लामाबाद के बीच बातचीत के दौरान पाकिस्तान ने सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत न जाने के बांग्लादेश के फैसले



का पूरा समर्थन किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि PCB के चेयरमैन, मोहसिन नकवी, गठबंधन सरकार में गृह मंत्री के रूप में एक प्रमुख स्थान रखते हैं, एक सीनेटर के रूप में भी उनका महत्वपूर्ण स्थान है और विभिन्न मुद्दों पर बांग्लादेश के साथ पाकिस्तान की बातचीत से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से आगे कहा गया, 'नकवी शनिवार को पाकिस्तान और बांग्लादेश सरकारों के बीच बातचीत का हिस्सा थे, उन्होंने उनसे कहा कि पाकिस्तान बांग्लादेश का पूरा समर्थन करता है और अगर बांग्लादेश की मांगें उनकी इच्छा के अनुसार हल नहीं होती हैं तो वह इवेंट में अपनी भागीदारी पर फिर से विचार करेगा।' सूत्रों ने कहा कि PCB ने सरकार को सूचित किया है कि पाकिस्तान का हटना आसान नहीं होगा क्योंकि उन्हें सरकार की सलाह पेश करनी होगी और एक वैध कारण बताना होगा। यदि वे एक वैध कारण बताने में विफल रहते हैं, तो उन्हें सदस्य भागीदारी समझौते का उल्लंघन करने के लिए दो मिलियन डॉलर तक का जुर्माना लग सकता है जिस पर सभी सदस्य ICC के साथ हस्ताक्षर करते हैं।

सूत्रों ने कहा कि PCB ने टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की भी पेशकश की है, अगर श्रीलंका में वेन्यू उपलब्ध नहीं हैं। बांग्लादेश ने मांग की है कि उनके मैचों को श्रीलंका में शिफ्ट किया जाए, जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने कोलकाता नाइट राइडर्स से कॉन्ट्रैक्ट रद्द करने और आगामी IPL 2026 के लिए अपने पेसर मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के लिए कहा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) 21 जनवरी तक बांग्लादेश के अनुरोध पर अंतिम फैसला लेगी। ये रिपोर्ट्स ICC और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के बीच एक मीटिंग के बाद आईं जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने रुख पर कायम रहे। बांग्लादेश ने ICC को यह भी सुझाव दिया था कि वह अपनी टीम को ग्रुप B में भेजने पर विचार करे। आयरलैंड के साथ जगह बदल ले, जो अपने ग्रुप मैच श्रीलंका में खेलता है। रिपोर्ट्स के अनुसार ICC ने आयरलैंड को आश्वासन दिया है कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

## सृष्टि किरण ने जीता आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 का खिताब, पूरी की हैट्रिक



बेंगलुरु । भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी सृष्टि किरण ने मेक्सिको के हुआमांटला में हुए आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 टूर्नामेंट में गर्ल्स सिंगल्स का खिताब जीता ।मेक्सिको के हुआमांटला में 12 से 18 जनवरी तक चली इस चैंपियनशिप में बेंगलुरु की 13 साल की सृष्टि ने घरेलू पसंदीदा तमारा हरमन (मेक्सिको) को 6-4, 6-4 से हराकर आईटीएफ खिताबों की शानदार हैट्रिक पूरी की । इससे पहले ड्रॉ में उन्होंने सेमीफाइनल में शानदार वापसी करते हुए लगातार 10 गेम जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की और 2-4 से पीछे होने के बाद 16 साल की घरेलू पसंदीदा मिरांडा सोफिया एस्कैमिला मोरालेस (मेक्सिको) को 6-4, 6-0 से हराया ।

## टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाना है लक्ष्य : कमिंस



मेलबर्न ।ऑस्ट्रेलिाई टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनका लक्ष्य नये साल में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्कप मे बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाना है। कमिंस ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य तेज गेंदबाज हैं और कार्यभार प्रबंधन के तहत ही उन्हें एशेज सीरीज के बचे हुए दो टेस्ट मैचों से बाहर रखा गया है । कमिंस चोटिल होने के कारण पहले दो टेस्ट में शामिल नहीं थे । मेजबान टीम ने पहले ही सीरीज 3-0 से जीत ली है जिससे देखते हुए कमिंस को उतारकर टीम जोखिम नहीं लेना चाहती है । कमिंस को जून जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर कमर में चोट लगी थी । जिससे देखते हुए टीम प्रबंधन उनपर अधिक बोझ नहीं डालना चाहता । वहीं कमिंस ने कहा कि अब आराम करने के बाद उन्हें पहले से बेहतर लग रहा है । साथ ही कहा कि कुछ सप्ताह पहले ही कमर की चोट से उबरा हूं तो लगातार दो टेस्ट खेलना जोखिमभरा रहता । अब टी20 विश्व कप से पहले कुछ आराम करूंगा । ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्व कप में पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलेगी । ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने हाल में अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है । जिसके कारण कमिंस टीम के प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं ।

## इंडोनेशिया मास्टर्स 2026: पीवी सिंधु की अगुआई में भारत को बड़ी उम्मीद

**जकार्ता (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इंडिया ओपन में पहले दौर में मिली निराशाजनक हार को पीछे छोड़ते हुए इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगी। बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 स्तर का यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू हो रहा है और सीजन की शुरुआत में ही खिलाड़ियों के लिए अहम पड़ाव माना जा रहा है।

नई दिल्ली में पिछले सप्ताह हुए इंडिया ओपन में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद सिंधु की नजरें इस टूर्नामेंट में लय हासिल करने पर टिकी होंगी। हालांकि, इस महीने की शुरुआत में खेले गए मलेशिया ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचकर उन्होंने अपनी फॉर्म के संकेत जरूर दिए थे। ऐसे में जकार्ता में वह मजबूत वापसी की कोशिश करेंगी।

### महिला एकल में भारत की मजबूत मौजूदगी

महिला एकल के पहले दौर में पीवी



सिंधु का सामना जापान की मनामी सुइजु से होगा, जो उनसे रैंकिंग में नीचे हैं। इस वर्ग में भारत की अच्छी-खासी भागीदारी देखने को मिलेगी। सिंधु के अलावा मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा भी मुख्य ड्रॉ में उतरेंगी। हालांकि उन्नति हुड्डा के लिए राह आसान नहीं होगी, क्योंकि पहले ही दौर में उनका मुकाबला चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन यूफेई से तय हुआ है।

### पुरुष एकल में लक्ष्य सेन से उम्मीदें

पुरुष एकल में भारत की सबसे बड़ी उम्मीदें मौजूदा विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन से होंगी। लक्ष्य ने हाल ही में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय किया था और उसी लय को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। उनके अलावा पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणॉय, थरुण मन्नेपल्ली और आयुष शेट्टी भी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस वर्ग में थाईलैंड के पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता कुनलावुत वितिदसर्न शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में उतरेंगे।

### डबल्स में सीमित लेकिन अहम भागीदारी

डबल्स स्पर्धाओं में भारत की मौजूदगी अपेक्षाकृत सीमित है। पुरुष युगल में हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ही मुख्य ड्रॉ में नजर आएगी। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला-तनिषा क्रास्टो और रोहन कपूर-रुथविका शिवानी गड्डे की जोड़ियां भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं महिला युगल में रश्मि गणेश और सानिया सिकंदर की जोड़ी क्वालिफिकेशन राउंड से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

## डेनियल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को हराया, ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे



मेलबर्न । रूस के डेनियल मेदवेदेव ने सोमवार को नीदलैंड के जेस्पर डी जोंग को हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली हैं । आज यहां मेलबर्न पार्क के मार्गरेट कोर्ट एरिना में 11वीं सीड मेदवेदेव ने नीदरलैंड के खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग के खिलाफ दो घंटे 53 मिनट तक चले मुकाबले में 7-5 6-2 7-6 (7-2) की जीत दर्ज की । मेदवेदेव अब अगले मैच में फ्रांस के क्वेंटिन हैलिस का सामना करेंगे । मैच के बाद मेदवेदेव ने कहा, 'अब तक मैं यह अच्छा कर रहा हूं । हमें नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है, लेकिन बस कोर्ट पर उतना ही पॉजिटिव रहने की कोशिश कर रहा हूं जितना मैं जिदगी में हूं । पिछले साल जो हुआ, सो हुआ, और यह ठीक है । यह करियर का हिस्सा है, जिंदगी का हिस्सा है ।'

## आईपीएल में प्लेऑफ की प्रबल दावेदार रहेंगी ये टीमें : अमित मिश्रा



नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा ने कहा है कि कोलकाता नाइटराइडर्स, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल 2026 के प्ले ऑफ में पहुंच सकती हैं । इस पूर्व स्पिनर के अनुसार गुजरात टाइटंस को भी खिताबी दौड़ में कमजोर नहीं माना जा सकता है । इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, केकेआर, एमआई, एसआरएच, आरसीबी और जीटी । मेरे ख?याल से इन पांच में से कोई चार टीमें प?लेऑफ में पहुंचेगी । वहीं अमित ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को खिताबी दावेदार नहीं माना है जिससे सभी को हैरानी हुई है । सीएसके पांच बार की विवेता रही है । मुंबई इंडियंस और आरसीबी ने नीलामी से पहले ही पसंदीदा खिलाड़ियों का रिटेन कर अपनी टीम मजबूत की है । वहीं अन्य टीमों ने मिनी नीलामी के जरिये टीम की ताकत बढ़ायी है । केकेआर ने कैमरन ग्रीन को रिकॉर्ड 25.2 करोड़ रुपये में खरीदा जबकि सनराइजर्स ने लियाम लिविंगस्?टन को 13 करोड़ रुपये में खरीदा ।आईपीएल 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होगी और फाइनल मुकाबला 31 मई को खेला जाएगा ।

## विश्वकप में खेलना सभी का सपना रहता है : सिराज

मुम्बई । अगले माह 7 फरवरी से होने वाले टी20 विश्वकप के लिए इस बार भारतीय टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को जगह नहीं मिली है । सिराज हालांकि इससे निराश नहीं हैं और उनका कहना है कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी । सिराज ने कहा कि वह भी इस टूर्नामेंट में खेलने चाहते थे क्योंकि सभी का सपना विश्वकप जैसे बड़े टूर्नोमेंटों में देश की ओर से खेलना रहता है। विश्वकप इस बार भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। उनका साथ अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा देंगे। सिराज ने कहा, मैंने पिछले अ20 विश्वकप में खेला था पर इस बार अवसर नहीं मिला। एक खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सपना विश्व कप में खेलकर टीम की जीत में योगदान देना रहता है । उन्होंने कहा कि विश्कप के लिए हमारी टीम अच्छी है। वह अच्छे फार्म में भी है। जिससे उम्मीद है कि टीम टूर्नामेंट जीतेगी । वहीं सिराज ने कार्यभार प्रबंधन को भी जरुरी बताया । न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दौरान आराम दिया गया था । उन्होंने कहा, मुझे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली एकदिवसीय सीरीज से आराम दिया गया था क्योंकि मैंने गुवाहाटी में उनके खिलाफ दूसरे टेस्ट में 40 ओवर फेंके थे । मैं टीम से बाहर नहीं हुआ हूं । मैंने ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज खेली, फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुझे आराम दिया गया। उन्होंने कहा कि एक तेज गेंदबाज को पर्याप्त आराम बहुत जरूरी है । मैं लगातार टेस्ट मैच खेल रहा हूं। ऐसे में आपको तरोताजा होने के लिए आराम की जरूरत होती है ।



## उसेन बोल्ट का रिटायरमेंट से वापसी का मन, LA 2028 ओलंपिक्स में इस खेल में हिस्सा लेने की इच्छा जताई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जमैका के महान धावक और दुनिया के सबसे तेज दौड़ने वाले उसेन बोल्ट ने खेल जगत को चौंकाने वाला संकेत दिया है। बोल्ट ने कहा है कि वह 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में वापसी करने के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बार ट्रैक पर नहीं, बल्कि क्रिकेट के मैदान पर। 128 साल बाद ओलंपिक में लौट रहे क्रिकेट के साथ बोल्ट की यह इच्छा खेल प्रेमियों के बीच चर्चा का बड़ा विषय बन गई है।

### क्रिकेट के साथ बोल्ट का पुराना रिश्ता


बहुत कम लोग जानते हैं कि एथलेटिक्स से पहले उसेन बोल्ट का पहला खेल प्रेम क्रिकेट था। कैरेबियन संस्कृति में पले-बढ़े बोल्ट बचपन में एक तेज गेंदबाज के रूप में पहचाने जाते थे। स्कूल के दिनों में उनके क्रिकेट कोच ने ही उन्हें ट्रैक एंड फील्ड आजमाने की सलाह दी थी, जिसने आगे चलकर खेल इतिहास को नई दिशा दे दी। हालांकि बोल्ट ने एथलेटिक्स में जो मुकाम हासिल किया, उसके बावजूद क्रिकेट के प्रति उनका लगाव कभी कम नहीं हुआ।

### LA 2028 में क्रिकेट की ऐतिहासिक वापसी

क्रिकेट 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक के ज़रिये 128 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक मंच पर लौटेगा। आखिरी बार यह खेल 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था, जहां ग्रेट ब्रिटेन ने फ्रांस को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। LA28 में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में छह-छह टीमें हिस्सा लेंगी। हर टूर्नामेंट के लिए 90 खिलाड़ियों का कोटा तय किया गया है, जिससे प्रत्येक देश 15 खिलाड़ियों की टीम उतार सकेगा।

### 'अगर कॉल आया, तो तैयार हूं'

एस्क्वायर मैगज़ीन से बातचीत में बोल्ट ने




हल्के-फुल्के अंदाज में अपनी इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा कि वह पेशेवर खेल से संतुष्ट होकर संन्यास ले चुके हैं, लेकिन अगर जमैका क्रिकेट बोर्ड की ओर से उन्हें मौका मिलता है, तो वह पीछे नहीं हटेंगे।उनके इस बयान ने फैंस की कल्पनाओं को नई उड़ान दे दी है, खासकर तब जब क्रिकेट ओलंपिक में नई शुरुआत कर रहा है।

### एथलेटिक्स में बोल्ट की बेमिसाल विरासत

उसेन बोल्ट को अब तक का सबसे महान स्प्रिंटर माना जाता है। उनके नाम आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक और 11 वर्ल्ड चैंपियनशिप गोल्ड हैं। उन्होंने 2008, 2012 और 2016 ओलंपिक में लगातार 100 मीटर और 200 मीटर की दौड़ में जीत दर्ज की। 2009 बर्लिन वर्ल्ड चैंपियनशिप में बनाए गए उनके 100 मीटर (9.58 सेकंड) और 200 मीटर (19.19 सेकंड) के रिकॉर्ड आज भी अटूट हैं।

### क्रिकेट से जुड़े हालिया अनुभव

बोल्ट हाल के वर्षों में क्रिकेट से जुड़े रहे हैं। वह ञ20 वर्ल्ड कप 2024 के ब्रांड एंबेसडर रहे, जो अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला गया था। इसके अलावा उन्होंने भारत में युवराज सिंह और हरभजन सिंह के साथ एक दोस्ताना क्रिकेट मैच में भी हिस्सा लिया था।

# बजट में राजकोषीय अनुशासन और अर्थव्यवस्था स्थिर रखने पर रहेगा जोर: विशेषज्ञ

**– सरकार कोई बड़े और चौंकाने वाले सुधारों की घोषणा नहीं करेगी**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय शेयर बाजार यह मानकर चल रहे हैं कि केंद्रीय बजट 2026 में सरकार कोई बड़े और चौंकाने वाले सुधारों की घोषणा नहीं करेगी। यह बजट रविवार, 1 फरवरी 2026 को पेश किया जाएगा। विश्लेषकों के मुताबिक सरकार का मुख्य जोर लोकलुभावन उपायों की बजाय राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने और अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने पर रहेगा। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि प्रत्यक्ष करों से जुड़े अहम बदलाव पिछले बजट में किए जा चुके हैं, जबकि जीएसटी से जुड़े सुधार सितंबर 2025 से लागू हो चुके हैं। ऐसे में बजट 2026 में बड़े टैक्स बदलावों की संभावना कम है। सरकार सीमित संसाधनों में संतुलित खर्च की नीति अपना सकती है। अनुमान है कि सरकार वित्त वर्ष 27 में फिस्कल डेफिसिट को जीडीपी के करीब 4.2 फीसदी तक सीमित रखने की कोशिश करेगी। टैक्स से सीमित आय वृद्धि को देखते हुए सरकार डिसइन्वेस्टमेंट के जरिए संसाधन जुटा सकती है। रक्षा, रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर और एमएसएमई सेक्टर में पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है। बाजार` विशेषज्ञों के अनुसार सरकार का फोकस आर्थिक स्थिरता और सुधारों पर रहेगा। पीएलआई स्कीम को आगे बढ़ाने, एमएसएमई और निर्यातकों को राहत देने तथा नियमों को सरल बनाने के कदम उठाए जा सकते हैं। एक अर्थशास्त्री का मानना है कि रक्षा खर्च में 12-15 फीसदी और कोर इंफ्रास्ट्रक्चर में 8-10 फीसदी तक बढ़ोतरी संभव है। बैंक आफ अमेरिका का कहना है कि सरकार वित्त वर्ष 27 से कर्ज प्रबंधन पर ज्यादा ध्यान दे सकती है और कर्ज-से-जीडीपी अनुपात को 55 फीसदी तक लाने का लक्ष्य तय कर सकती है।

कुल मिलाकर, बजट 2026 को लेकर बाजार की उम्मीदें स्थिरता, अनुशासन और दीर्घकालिक विकास पर टिकी हुई हैं, जिससे निवेशकों का भरोसा बना रह सकता है।





## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया 9 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.87 पर बंद हुआ। वहीं रुपया सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन सुबह 12 पैसे की बढ़त के साथ 90.66 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने बताया कि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर रुख से घरेलू मुद्रा को बढ़ावा मिला। हालांकि घरेलू शेयर बाजारों से विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच विदेशों में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशक सतर्क रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिका डॉलर के मुकाबले 90.68 पर खुला। फिर 90.66 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.78 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 फीसदी की गिरावट के साथ 98.99 पर रहा।

## 23, 24, 25 और 26 जनवरी को बैंक रहेंगे बंद

**मुंबई ।** देश के कुछ चुनिंदा शहरों में शुक्रवार, 23 जनवरी को बैंक बंद रहेंगे। अगरतला, भुवनेश्वर और कोलकाता में इस दिन बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। छुट्टी का कारण स्थानीय पर्व और विशेष अवसर हैं, जैसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती, सरस्वती पूजा, वीर सुरेंद्र साईं जयंती और बसंत पंचमी। इसके अलावा बाकी शहरों में बैंक सामान्य समय पर खुलेंगे। 24 जनवरी चौथा शनिवार होने के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। यह नियम हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार पर लागू होता है। रविवार, 25 जनवरी को साप्ताहिक अवकाश के चलते पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। सोमवार, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय छुट्टी के कारण पूरे देश में बैंकिंग सेवाएं बंद रहेंगी।

## वेदांता की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील को 1,255 करोड़ का नोटिस

**- कंपनी पर अपने खनन पट्टों में न्यूनतम उत्पादन और डिस्पैच लक्ष्य पूरे नहीं करने का आरोप**

**मुंबई ।** ओडिशा सरकार ने देश की दिग्गज माइनिंग कंपनी वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड को लगभग 1,255 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस जारी किया है। यह नोटिस ओडिशा के क्योंझर जिले के कोइरा सर्किल की खदानों से संबंधित है। सरकार का आरोप है कि कंपनी ने अपने खनन पट्टों में न्यूनतम उत्पादन और डिस्पैच लक्ष्य पूरे नहीं किए जो माइनरल कनसेशन रूल्स 2016 के तहत अनिवार्य हैं। डिप्टी डायरेक्टर ऑफ माइंस के कार्यालय ने ईएसएल स्टील को दो अलग-अलग नोटिस भेजे हैं। नोटिस के अनुसार, कंपनी की बीको और फीग्रेड माइनिंग लीज पर खदान संचालन के चौथे वर्ष में तय उत्पादन और डिस्पैच लक्ष्य पूरे नहीं हुए। नियमों के तहत यदि कोई कंपनी न्यूनतम खनन सीमा से कम उत्पादन करती है, तो उसे सरकार को जुर्माना या निर्धारित शुल्क देना पड़ता है। ईएसएल स्टील ने नोटिस पर आपत्ति जताई है। कंपनी का कहना है कि नोटिस में दी गई गणना और आधार कानूनी व तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि वह नोटिस की विस्तृत समीक्षा कर रही है और अपने हितों की रक्षा के लिए सभी कानूनी विकल्प अपनाएगी। इसमें कोर्ट से स्टे और नोटिस रद्द कराने की प्रक्रिया शामिल है। कंपनी का दावा है कि कानूनी मोर्चे पर उसका पक्ष मजबूत है।

## चीन की अर्थव्यवस्था 2025 में 5 फीसदी वृद्धि के करीब

**हांगकांग ।** चीन की अर्थव्यवस्था 2025 में मजबूत निर्यात के दम पर लगभग 5 फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ी। यह सरकार के आधिकारिक लक्ष्य के अनुरूप है। हालांकि, साल की आखिरी तिमाही में वृद्धि धीमी होकर 4.5 फीसदी रह गई, जो 2022 के बाद से सबसे धीमी तिमाही वृद्धि मानी गई। पिछली तिमाही में यह 4.8 फीसदी थी। निर्यात ने कमजोर उपभोक्ता खर्च और व्यावसायिक निवेश की भरपाई की। चीन ने रिकॉर्ड 1200 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष दर्ज किया। संपत्ति बाजार में मंदी और कोविड-19 के व्यवधानों के बाद सरकार अर्थव्यवस्था को गति देने के प्रयास कर रही है।

## भारत कोकिंग कोल के शेयर की शानदार शुरुआत, 96.5 प्रतिशत चढ़ा

**नई दिल्ली ।** कोल इंडिया की इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) का शेयर सोमवार को बाजार में लिस्टेड हुआ। बीएसई पर यह 45.21 और एनएसई पर 45 रुपए पर खुला, जो कि निर्गम मूल्य 23 रुपए से क्रमशः 96.56 और 95.65 फीसदी अधिक है। लिस्टिंग के बाद कंपनी का बाजार मूल्यांकन 19,456.95 करोड़ रुपए रहा। निवेशकों ने शेयर पर उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी, जिससे इसका शुरुआती मूल्य लगभग दोगुना हो गया। बीसीसीएल ने 1,071 करोड़ रुपए के आईपीओ में केवल कोल इंडिया के 46.57 करोड़ शेयर बेचे। इसमें नए शेयर जारी नहीं किए गए। निर्गम मूल्य रेंज 21-23 रुपए तय की गई थी।

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते में गैर-शुल्क बाधाओं पर जोर की सिफारिश

**- यूरोपीय संघ के प्रमुख अधिकारी 25-27 जनवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे**

**नई दिल्ली ।**

18 साल से चल रही भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता अब अंतिम चरण में है। यूरोपीय संघ के प्रमुख अधिकारी 25-27 जनवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे और 27 जनवरी को वार्ता के निष्कर्ष की घोषणा की संभावना है।

आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने कहा कि भारत को कृषि और दवा क्षेत्रों में गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने के लिए ईयू पर दबाव डालना चाहिए। केवल शुल्क कटौती से निर्यातकों को पर्याप्त लाभ नहीं मिलेगा। गैर-शुल्क बाधाओं में दवा अनुमोदन में देरी, खाद्य और कृषि उत्पादों पर कड़े स्वच्छता और पादप/पशु स्वास्थ्य नियम, साथ ही जटिल परीक्षण और प्रमाणीकरण शामिल हैं। बासमती चावल, मसाले और चाय जैसे उत्पाद अक्सर कीटनाशक अवशेष मानकों के कारण अस्वीकार किए जाते हैं। समुद्री उत्पादों पर एंटीबायोटिक दवा की चिंता से अतिरिक्त नमूना परीक्षण होता है। विनिर्माण क्षेत्र में 'रीच' नियम और जलवायु विनियम छोटे और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए लागत बढ़ाते हैं। 1 जनवरी से लागू कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले उत्पादों पर लागू है। जीटीआरआई ने कहा कि भारत को अमेरिका के समान छूट या सुरक्षा प्रावधानों की मांग करनी चाहिए। ईयू भारत के लगभग 600 अरब डॉलर के सरकारी खरीद बाजार में प्रवेश चाहता है। भारत सीमित पहुंच प्रदान कर सकता है, जैसा कि उसने ब्रिटेन के साथ किया था।

# भारतीय शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 324, निफ्टी 108 अंक नीचे आया**




**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरवट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से बाजार नीचे आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 324.17 अंक टूटकर 83,246.18 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 108.85 अंक नीचे आकर 25,585.50 पर बंद हुआ। बाजार में आज रियल्टी, मीडिया और ऑयल एंड गैस स्टॉक्स के शेयर गिरे। निफ्टी रियल्टी 1.99 फीसदी, निफ्टी मीडिया 1.84 फीसदी, निफ्टी ऑयल एंड गैस 1.56 फीसदी, निफ्टी इन्फ्रा 0.90 फीसदी नीचे आया। वहीं निफ्टी एफएमसीजी 0.67 फीसदी, और निफ्टी ऑटो 0.13 फीसदी नीचे आया। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचयूएल, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, आईटीसी, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे जबकि आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, इन्फोसिस, भारती एयरटेल के शेयर गिरे। लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 220.15 अंक फिसलकर 59,647.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 171.60 अंक नीचे आकर 17,190.70 पर बंद हुआ था।

जानकारों के अनुसार टैरिफ को लेकर चिंताएं फिर से हावी होने के कारण बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। इससे बाजार धारणा प्रभावित रही है। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब 498 अंक गिरकर 83,072 के स्तर पर खुला, जबकि निफ्टी 50 में 134 अंकों की गिरावट दर्ज की गई और यह 25,560 पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा यूरोपीय देशों को लेकर ग्रीनलैंड खरीद योजना के विरोध पर टैरिफ लगाने की चेतावनी से भी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है, इससे घरेलू बाजार पर भी प्रभाव पड़ा है।

## नए लेबर कोड से प्राइवेट सेक्टर में बढ़ा कर्मचारी खर्च



**नई दिल्ली ।**

नवंबर 2025 में लागू नए लेबर कोड का असर प्राइवेट सेक्टर पर दिखने लगा है। एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में 18,770 करोड़ रुपए का ऑपरेटिंग खर्च दर्ज किया, जो` वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही के 17,110 करोड़ रुपए से अधिक है। बैंक ने बताया कि कर्मचारी लागत में 800 करोड़ रुपए का इजाफ़ा नए कोड के कारण हुआ। आईसीआईसीआई बैंक ने 145 करोड़ रुपए, यस बैंक 155 करोड़, फेडरल बैंक 20.8 करोड़ और आरबीएल बैंक 32 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया। बीमा कंपनियों में भी खर्च बढ़ा। एचडीएफसी लाइफ ने 106.02 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने 11.04 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने 53.06 करोड़ रुपए का अतिरिक्त असर दर्ज किया। नए कोड के तहत बेसिक सैलरी का हिस्सा बढ़ाना अनिवार्य हो गया, जिससे ग्रेच्युटी, पेंशन और सोशल सिक्योरिटी फंड में योगदान बढ़ा और कुल कर्मचारी लागत में इजाफ़ा हुआ। 21 नवंबर 2025 को चार कोड लागू किए गए, जिनमें वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा शामिल हैं। 29 पुराने कानूनों को इनके अंतर्गत समेकित किया गया।

# सोने का भाव 1.45 लाख, चांदी 3 लाख रुपए के पार

**- अमेरिका की टैरिफ धमकी और सुरक्षित निवेश की मांग से कीमती धातुओं में आई तेजी**

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार में सोमवार हो ऐतिहासिक तेजी देखने को मिली। सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग और अमेरिका द्वारा नए टैरिफ लगाए जाने की धमकी के बीच घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में दोनों कीमती धातुएं रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना और चांदी दोनों के वायदा भाव ऑल टाइम हाई पर कारोबार करते नजर आए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज मजबूती के साथ हुई। एमसीएक्स पर फरवरी डिलीवरी वाला सोने का बेंचमार्क कॉन्ट्रैक्ट 804 रुपये की तेजी के साथ 1,43,321 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,42,517 रुपये था। फिलहाल यह 1,909 रुपये की तेजी के साथ 1,44,426 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,45,500 रुपये का दिन का उच्चतम स्तर छू लिया, जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। चांदी के वायदा भाव में भी जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। एमसीएक्स पर मार्च डिलीवरी वाली चांदी 5,338 रुपये की तेजी के साथ 2,93,100 रुपये पर खुली। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 2,87,762 रुपये था। फिलहाल चांदी 10,880 रुपये की बढ़त के साथ 2,98,642 रुपये के भाव पर कारोबार कर रही थी। कारोबार के दौरान चांदी पहली बार 3,01,315 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी तेजी का रुख बना हुआ है। कॉमेक्स पर सोना 4,633.70 डॉलर प्रति औंस पर खुला



और बाद में 4,600 डॉलर के आसपास कारोबार करता दिखा, जबकि इस साल का उच्चतम स्तर 4,663.70 डॉलर रहा। वहीं चांदी 90.60 डॉलर पर खुली और 94.36 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितता के चलते कीमती धातुओं में आगे भी मजबूती बनी रह सकती है।

# आम बजट 2026-27: नॉमिनल जीडीपी वृद्धि 10-10.5 फीसदी रहने का अनुमान

**– ऋण–जीडीपी अनुपात बनेगा प्रमुख राजकोषीय लक्ष्य**




**नई दिल्ली ।**

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1 फरवरी को पेश किए जाने वाले आम बजट में नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 10 से 10.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। अर्थशास्त्रियों के सर्वेक्षण से यह संकेत मिला है। यह अनुमान ऐसे समय में सामने आया है जब चालू वित्त वर्ष में कम मुद्रास्फीति के कारण नॉमिनल जीडीपी की वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रही है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस माह जारी पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, नॉमिनल जीडीपी 8 प्रतिशत की दर से बढ़कर 357 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 में नॉमिनल जीडीपी वृद्धि 9.5 प्रतिशत रही थी। वित्त मंत्रालय आगामी बजट में वित्त वर्ष 27 के अनुमानों के लिए वित्त वर्ष 26 के पहले अग्रिम आंकड़ों को आधार बनाएगा। हालांकि, 27 फरवरी को सांख्यिकी मंत्रालय वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दूसरा अग्रिम अनुमान जारी करेगा, जो 2022-23 के नए आधार वर्ष पर आधारित होगा। इससे नॉमिनल जीडीपी के बजटीय अनुमानों में बदलाव संभव है। नॉमिनल जीडीपी का उपयोग ऋण-जीडीपी अनुपात, राजकोषीय घाटा और सरकारी राजस्व जैसे महत्वपूर्ण वृहद आर्थिक संकेतकों की गणना में किया जाता है। वित्त वर्ष 2026-27 एक अहम मोड़ साबित होगा, क्योंकि इसी वर्ष केंद्र सरकार राजकोषीय घाटे के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात को प्राथमिक राजकोषीय लक्ष्य के रूप में अपनाएगी।

# बजट 2026 में शादीशुदा जोड़ों के लिए जॉइंट टैक्सेशन की तैयारी

**- पति-पत्नी अपनी कुल आय को जोड़कर टैक्स भर सकेंगे**

**नई दिल्ली ।**

भारत में फिलहाल शादीशुदा होने पर कोई अलग टैक्स सुविधा नहीं है। पति और पत्नी दोनों को अलग पेन, अलग टैक्स स्लैब और अलग छूट मिलती है। यदि पत्नी की आय नहीं है, तो उसकी बुनियादी छूट व्यर्थ चली जाती है। इससे एक ही कमाने वाले परिवारों का टैक्स बोझ बढ़ जाता है। वित्त मंत्रालय अब वैकल्पिक जॉइंट टैक्सेशन सिस्टम लाने पर विचार कर रहा है। इसमें पति-पत्नी अपनी कुल आय को जोड़कर टैक्स भर सकेंगे। बुनियादी छूट सीमा भी बढ़ाई जा सकती है। उदाहरण के तौर पर, यदि वर्तमान में एक व्यक्ति को 3 लाख रुपए की छूट मिलती है, तो जॉइंट फाइलिंग में यह सीमा 6 लाख रुपए या उससे ज्यादा हो सकती है। इसके अलावा, होम लोन ब्याज, मेडिकल इंश्योरेंस और अन्य कटौतियों को भी बेहतर तरीके से एडजस्ट किया जा सकेगा। इस बदलाव का सबसे बड़ा फायदा एक ही कमाने वाले परिवारों को मिलेगा। मिडिल क्लास परिवारों का टैक्स बोझ कम होगा और उच्च आय वाले परिवारों को सरचार्ज में राहत




मिल सकती है, क्योंकि वर्तमान 50 लाख रुपए से अधिक आय पर लगने वाला सरचार्ज जॉइंट फाइलिंग में 75 लाख रुपए या उससे अधिक तक बढ़ाया जा सकता है। यदि दोनों पति-पत्नी कमाते हैं, तो उन्हें अलग-अलग स्टैंडर्ड डिडक्शन मिल सकती है। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान ने इस प्रणाली की सिफारिश की है। प्रस्ताव यूनियन बजट 2026-27 में पेश किया जाएगा। बजट सेशन 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलेगा। अगर लागू हुआ, तो यह भारत के टैक्स सिस्टम में एक बड़ा और ऐतिहासिक बदलाव माना जाएगा।



# फिल्म मायासभा में डरावने किरदार में नजर आएंगे जावेद जाफरी

तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे अपनी दूसरी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है मायासभा। मायासभा का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म के टीजर में जावेद जाफरी का अनोखा अवतार देखने को मिला, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। जानिए कब रिलीज हो रही है फिल्म मायासभा।

### मायासभा का टीजर हुआ रिलीज

निर्देशक राही अनिल बर्वे की आगामी हॉरर फिल्म मायासभा का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर की शुरुआत एक छोटे बच्चे से होती है, जो हेलमेट पहने सड़कों पर भटक रहा होता है। इस सीन में पीछे जावेद जाफरी की आवाज में कबीर का एक दोहा सुनाई देता है। गौर से देखें तो यह फिल्म एक तरह से सर्वाइवल हॉरर की कहानी ज्यादा लग रही है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म मायासभा 30 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में आपको रहस्य, जादू और रोमांच देखने को मिलेगा। इस फिल्म का निर्देशन तुम्बाड के लेखक और निर्देशक राही अनिल बर्वे ने किया है। यह राही अनिल बर्वे की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म में जावेद जाफरी एक बिल्कुल नए अंदाज में नजर आएंगे।

### फिल्म मायासभा की कास्ट

इस फिल्म में जावेद जाफरी के अलावा वीना जामकर, दीपक दामले और मोहम्मद समद भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण गिरीश पटेल और अंकूर जे सिंह कर रहे हैं। शामराव भगवान यादव, चंदा यादव, केवल हांडा और मनीष हांडा इसके सह-निर्माता हैं।



# ड्रीम को लेकर सीमा में नहीं बंधना चाहतीं अदा शर्मा

अभिनेत्री अदा शर्मा ने अब तक एक्शन, हॉरर, ड्रामा से लेकर बोल्ड रोल्स तक हर तरह की फिल्मों में अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है। लेकिन वह किसी खास डायरेक्टर, एक्टर या कहानी के पीछे नहीं भागतीं। अदा का मानना है कि सपनों को किसी भी तरह की सीमा में बांधना गलत है। इसी सोच के साथ वे एक अलग और खुला एक्टिंग फॉर्मूला अपनाती हैं, जहां वे सिर्फ अच्छे रोल्स पर फोकस करती हैं और बाकी सब यूनिवर्स पर छोड़ देती हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर और सपनों को लेकर खुलकर बात की। खास बातचीत में उन्होंने कहा कि वह अपने ड्रीम को किसी भी तरह की लिमिट में नहीं बांधना चाहतीं। अदा का मानना है कि अगर कोई एक्टर खुद को किसी खास डायरेक्टर या स्टाइल तक सीमित कर ले, तो यह बहुत प्रतिबंधक हो जाता है।

अदा ने कहा, मेरा ड्रीम ईमानदारी से यही है कि मैं अच्छी फिल्में करूं और अच्छे रोल्स निभा पाऊं। अगर मैं ये तय कर लूं कि मैं सिर्फ इन-इन डायरेक्टर्स के साथ काम करूंगी, तो यह खुद को सीमा में बांधना होगा। मैं उन सबके साथ काम करना चाहती हूं, जिसके पास भी मेरे लिए अच्छा रोल हो। उन्होंने सुदीप्तो सेन का उदाहरण देते हुए कहा, अगर मेरा ड्रीम होता कि मैं किसी खास डायरेक्टर के साथ ही काम करूंगी, तो द केरल स्टोरी कभी नहीं होती। सुदीप्तो सेन की वो पहली बड़ी फिल्म थी, मैं उन्हें जानती भी नहीं थी। तो मेरा ड्रीम था ही नहीं कि मैं उनके साथ काम करूं, क्योंकि मुझे उनके बारे में पता ही नहीं था। ड्रीम करके हम खुद को बहुत लिमिट कर लेते हैं। मैं चाहती हूं कि यूनिवर्स फैसला करे कि मैं क्या करूं, किनके साथ करूं। मेरी इच्छा बस इतनी है कि मैं अच्छे रोल्स करूं, जो ऑडियंस को पसंद आएं और मुझे करने में मजा आए।

अदा ने बताया कि दर्शक उन्हें हर तरह के किरदार में स्वीकार करते हैं, जो उनके लिए बहुत बड़ी बात है। उन्होंने बताया, कुछ एक्ट्रेसेज को लोग सिर्फ एक लुक या एक टाइप में स्वीकार करते हैं, लेकिन मुझे भूत से लेकर मासूम लड़की तक में स्वीकार करते हैं। 1920 में मैंने डरावना किरदार निभाया, सनफ्लावर में बोल्ड बार डांसर रोजी का, द केरल स्टोरी में भोली-भाली मासूम लड़की का और कमांडो में एक्शन रोल था। किसी ने नहीं कहा कि केरल स्टोरी वाली लड़की एक्शन क्यों कर रही है और एक एक्टर के लिए यह बहुत अच्छी चीज है। जब दर्शक आपको हर किरदार में स्वीकार करते हैं तो आगे बढ़ने और अक्सर कुछ खास करने का उत्साह मिलता है। साल 2026 के बारे में बात करते हुए अदा ने उत्साह जताया। उन्होंने कहा, साल 2026 में फैंस को बहुत कुछ नया और शानदार मिलने वाला है। बहुत सारा कुछ है। मैं अलग-अलग किरदारों से लोगों को एंटरटेन करना चाहती हूं, उन्हें रुलाना, हंसाना, एक्शन, ड्रामा, कॉमेडी, हॉरर सब कुछ देना चाहती हूं। मैं बहुत लकी हूं कि मुझे ऐसे रोल्स मिल रहे हैं।



# पहली बार साथ आ रहे अल्लू अर्जुन और लोकेश कनगराज



अर्जुन की नई फिल्म की घोषणा हो गई है। अपनी 23वीं फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ आ रहे हैं। आज लोकेश कनगराज ने इस नई फिल्म की घोषणा कर दी है। इसके लिए एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया गया है। हालांकि, अभी फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभी फिल्म को एए 23 के नाम से पहचाना जाएगा। फिल्म की घोषणा करते हुए लोकेश कनगराज ने अपने एक्स वीडियो के साथ एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में लोकेश ने लिखा, ' अल्लू अर्जुन आपके साथ इस सफर की शुरुआत करने के लिए उत्सुक हूं। अल्लू अर्जुन ने भी घोषणा का वीडियो अपने इंस्टाग्राम साझा किया है। इसे पोस्ट करते हुए एक्टर ने लिखा, धूम मचाने जा रहा हूं। बेमिसाल लोकेश कनगराज गारू के साथ इस नई यात्रा को लेकर उत्साहित हूं। आखिरकार भाई अनिरुद्ध रविचंद्र के साथ आ रहा हूं। इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।'


लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही ये सातवीं फिल्म है। पहली बार लोकेश कनगराज अल्लू अर्जुन के साथ काम कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो इससे पहले अल्लू अर्जुन जहां 'पुष्पा 2' में नजर आए थे। वहीं इन दिनों वो एटली के साथ अपनी आगामी फिल्म में व्यस्त हैं। इसे काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। इसमें दीपिका पादुकोण भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। हालांकि, अभी इसके बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं लोकेश कनगराज की आखिरी फिल्म साल 2025 में आई 'कुली' थी। इस फिल्म में रजनीकांत प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। फिल्म में रजनीकांत के अलावा आमिर खान, उपेंद्र, नागार्जुन और सोबिन शाहिर जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिका में थे।

# बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं कृति शेट्टी

दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपनी मजबूत पहचान  बना चुकी कृति शेट्टी इन दिनों अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि टाइगर श्रॉफ ने मस्ती 4 के निर्देशक मिलाप जावेरी के साथ एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, जिसे टी-सीरीज प्रोड्यूस करेगी। इसी फिल्म के लिए कृति का नाम सामने आ रहा है। हालांकि इन अटकलों पर कृति ने खुद प्रतिक्रिया दी है। बताया कि उन्हें बॉलीवुड से कुछ प्रस्ताव जरूर मिले हैं लेकिन अभी किसी पर मुहर नहीं लगी है। कृति के मुताबिक, मुझे कुछ ऑफर्स आए थे लेकिन कई बार डेट्स मैच नहीं होतीं। बॉलीवुड का काम करने का तरीका दक्षिण भारतीय सिनेमा से काफी अलग है। यहां आमतौर पर शेड्यूल एक साथ प्लान किया जाता है, जबकि साउथ में काम थोड़ा बिखरे हुए शेड्यूल में होता है। कृति ने कहा... मैं मुंबई में पैदा हुई और पली-बढ़ी हूं, इसलिए हमेशा से लगता था कि हिंदी में काम करना मेरे लिए बहुत अच्छा रहेगा। जब मैंने एक्टिंग वर्कशॉप्स में हिस्सा लिया, तो वहां कुछ अलग और नया महसूस हुआ। इस प्रोसेस ने मुझे हिंदी इंडस्ट्री में काम करने के लिए और ज्यादा उत्साहित कर दिया है।



# शाहरुख की किंग और लव एंड वॉर अब दो पार्ट में रिलीज होंगी




बालीवुड के स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इसका पहला पार्ट 2025 में रिलीज हुआ और सुपरहिट साबित हुआ। अब मेकर्स 2026 में इसका दूसरा पार्ट रिलीज करने की तैयारी में हैं। इस स्ट्रैटेजी की कामयाबी देखकर अब शाहरुख खान और संजय लीला भंसाली अपनी फिल्म को दो पार्ट में रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। शाहरुख और भंसाली कैंप में दोनों फिल्मों की रिलीज स्ट्रैटेजी पर गंभीर चर्चा चल रही है। शाहरुख की किंग और भंसाली की लव एंड वॉर मेगा बजट फिल्में हैं। किंग में शाहरुख की बेटी सुहाना लीड रोल में हैं।

### धुरंधर की जबरदस्त सफलता से प्रेरित होकर लिया फैसला

धुरंधर की सफलता से प्रेरित होकर दोनों ही मेकर्स अपनी फिल्मों को दो हिस्सों में बांटने और 6 महीने से कम गैप में रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि लव एंड वॉर अगस्त 2026 और जनवरी 2027 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विकी कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं किंग सितंबर 2026 और मार्च 2027 में बड़े परदे पर दस्तक दे सकती है।

# कॉकटेल 2 में रोमांटिक और मॉडर्न अवतार में नजर आएंगे शाहिद



**बालीवुड एक्टर शाहिद कपूर इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर लगातार चर्चा में हैं। विशाल भारद्वाज के साथ उनकी चौथी फिल्म ओ रोमियो वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने जा रही है, वहीं इसी साल कॉकटेल 2 भी दर्शकों के सामने आएगी। एक ओर जहां ओ रोमियो में शाहिद अंडरवर्ल्ड बैकड्रॉप में नजर आएंगे, वहीं कॉकटेल 2 में उनका रोमांटिक और मॉडर्न अवतार देखने को मिलेगा।**

### स्पेन और मुंबई में हुई फिल्म की शूटिंग

कॉकटेल 2 को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस ने दिलचस्प कहानियों का कॉकटेल तैयार कर लिया है। एक वर्ग मानता है कि यह फिल्म पहली कॉकटेल की विरासत को आगे बढ़ाएगी, जहां शाहिद का किरदार वेरोनिका की जिंदगी में पुराने



दोस्त या नए पार्टनर के रूप में एंट्री कर सकता है। वहीं दूसरा बड़ा तबका मानता है कि यह फिल्म आज के दौर के मॉडर्न रिश्तों, हुकअप कल्चर और प्यार-दोस्ती की उलझनों को दिखाया जाएगा। ओ रोमियो की शूटिंग स्पेन और मुंबई के बोरीवली स्थित बाहुबली स्टूडियो में हुई।

### शाहिद अब सेलेक्टिव रिस्क लेने वाले अभिनेता बन चुके हैं


कबीर सिंह की भारी सफलता के बाद शाहिद ने खुद को एक इंटेंस, एंग्री और इमोशनली ब्रोकन किरदारों के अभिनेता के रूप में स्थापित किया। ट्रेड एक्सपर्ट्स मानते हैं कि शाहिद अब सेलेक्टिव रिस्क लेने वाले अभिनेता बन चुके हैं, जो सिर्फ स्टारडम नहीं बल्कि कंटेंट और क्रिटिकल वैल्यू को भी प्राथमिकता देते हैं। हालांकि, लगातार डार्क और हिंसक भूमिकाओं का चयन उनके करियर में स्टोरियो टाइप का खतरा भी पैदा कर सकता है।

### फिल्म के लिए शाहिद कपूर ने किया अपना ट्रांसफॉर्मेशन

विशाल भारद्वाज की मांग के अनुरूप शाहिद ने पिछले आठ महीनों में अपनी बॉडी को पूरी तरह बदल दिया है। यह बदलाव सिर्फ लुक के लिए नहीं, बल्कि किरदार की शारीरिक और मानसिक जरूरतों के हिसाब से किया गया है। शाहिद ने पारंपरिक बॉडी-बिल्डर लुक छोड़कर लीन और वायरी फिजीक पर फोकस किया, जो एक स्ट्रीट फाइटर और अंडरवर्ल्ड कैरेक्टर को ज्यादा प्रामाणिक बनाता है। इसके लिए उन्होंने कैलिस्थेनिक्स, फंक्शनल ट्रेनिंग और हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट अपनाए।

### हुसैन उस्तरा और अशरफ खान की कहानी है ओ रोमियो

इंडस्ट्री के भीतर चल रही चर्चाओं के अनुसार... ओ रोमियो 80 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड के एक बेहद क्रूर और वास्तविक अध्याय से प्रेरित मानी जा रही है। मजबूत व्यापारिक थ्योरीज संकेत देती हैं कि शाहिद कपूर का किरदार कुख्यात गैंगस्टर हुसैन उस्तरा पर बेस्ड हो सकता है, जो अपनी निडरता और दाऊद इब्राहिम से सीधी दुश्मनी के लिए जाना जाता था। टीजर में तृप्ति डिमरी की मौजूदगी को अंडरवर्ल्ड की चर्चित शख्सियत अशरफ खान के किरदार से जोड़कर देखा जा रहा है। पति की हत्या का बदला लेने के लिए सपना दीदी ने हुसेन उस्तरा के साथ हाथ मिलाया था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in